तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

### माशिम आज करेगा बोर्ड टॉपर्स का सम्मान

**रायपुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल 2024 एवं 2025 की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को आज सम्मानित करेगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे। अध्यक्षता सीएम विष्णुदेव साय करेंगे। विशेष अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। 23 जनवरी मध्यान्ह 12:30 बजे लोक भवन सिविल लाइन में यह सम्मान समारोह आयोजित है। 2024 के हाईस्कूल के 80 विद्यार्थी, हायर सेकंडरी के 30 सहित वर्ष 2025 के हाईस्कूल के कुल 98 विद्यार्थी व हायर सेकंडरी स्कूल के 31 विद्यार्थियों सहित विशेष पिछड़ी जनजाति व अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भी सम्मानित होंगे।

## सुरक्षा कारणों से 26 तक सुबह की दिल्ली उड़ान रद्द, किराया हुआ दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ 22 से 26 जनवरी तक एयर इंडिया की दिल्ली-रायपुर-दिल्ली की सुबह की फ्लाइट रद्द

26 तक विमान यात्री सुबह के समय ना तो दिल्ली की उड़ान भर सकेंगे और ना ही दिल्ली से रायपुर आ सकेंगे। सुरक्षा करणों से एयर इंडिया की दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सुबह की फ्लाइट 22 से 26 जनवरी तक कैंसिल कर दी गई है। दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाले आयोजनों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अब तक राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर दिल्ली में होने वाले आयोजनों के दौरान वहां आने-जाने वाली फ्लाइट्स को रि-शेड्यूल किया जाता रहा



है। यह पहला मौका है, जब फ्लाइट को रद्द ही कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, 26 जनवरी को होने वाले एयर शो सहित अन्य कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास प्रातःकाल ही किया जाता है। इस दौरान दिल्ली आने-जाने वाली फ्लाइट्स को रि-शेड्यूल किया जाता रहा है। इस दौरान वीआईपी मूवमेंट भी अधिक रहती है। गणतंत्र दिवस समारोह के ▶▶ शेष पेज 13 पर

### 2 हजार तक महंगा हुआ टिकट

सुबह की फ्लाइट कैंसिल किए जाने का असर दोपहर में उड़ान भरने वाले विमान किराए पर पड़ा है। दोपहर की फ्लाइट दो हजार तक महंगी हो गई है। शुक्रवार और शनिवार की टिकट दर 12 से 14 हजार है, जबकि रविवार और सोमवार को यात्रा करने के लिए 6 से 8 हजार रुपए तक देने होंगे। 26 जनवरी के बाद दिल्ली फ्लाइट्स की टिकट 6 हजार से कम में बुकिंग के लिए उपलब्ध है। विमान रद्द किए जाने संबंधित सूचना यात्रियों को पूर्व में ही दे दी गई हैं, ताकि उन्हें दिक्कत का सामना ना करना पड़े। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय पर्व को देखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। एयरपोर्ट पर अतिरिक्त जांच की जा रही है।

## गुस्साए डेंटल छात्रों ने ओपीडी में जड़ा ताला, कैंपस से हटाकर भेजा तूता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीते एक सप्ताह से चल रहे डेंटल छात्रों के प्रोटेस्ट ने गुरुवार को उग्र रूप ले लिया। अपनी जरूरत पूरी नहीं होने से हताश छात्रों ने ओपीडी में ही ताला जड़ दिया। मरीज दिनभर परेशान होते रहे। इसी बीच एबीवीपी भी डेंटल छात्रों को समर्थन देने कैंपस पहुंच गए। जमकर नारेबाजी के बाद पुलिस संग झूमाझटकी हुई। बल प्रयोग भी किया गया। 7 दिनों तक लगातार आंदोलन में डटे मेडिकल छात्रों को इसके बाद तूता स्थित धरना स्थल भेज दिया गया।



पूरे विवाद में एनएसयूआई की भी एंट्री हो गई है। एनएसयूआई ने एबीवीपी पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा जानबूझकर शांतिपूर्वक चल रहे आंदोलन को उग्र किया गया, ताकि छात्रों की मांग से ध्यान हटकर विवाद पर केंद्रित हो जाए। वहीं डेंटल छात्रों का कहना है कि कैंपस में ताला लगाने का निर्णय उनका था, ना की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### देने होंगे केवल 1.4 करोड़

एबीवीपी ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा, विद्यार्थी अपनी वैध एवं जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे थे, किंतु इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों एवं अभाविप कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक गिरफ्तार कर तूता धरना स्थल ले जाकर छोड़ दिया गया, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। प्रदेश सह मंत्री प्रथम राव फूटाने अभाविप ने कहा, डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा जिस छात्रवृत्ति की मांग की जा रही है, उसका वार्षिक कुल बजट मात्र 1,40,67,000 है। यह राशि प्रदेश सरकार के लिए किसी भी दृष्टि से बड़ी नहीं है, किंतु सरकार की उदासीनता के कारण विद्यार्थी वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित हैं और सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। जब तक डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति संबंधी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

### खबर संक्षेप



#### रविवि को आरएसएस का मंच बनाने का आरोप

**रायपुर।** एनएसयूआई ने रविवि में शासकीय कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े व्यक्तियों को अतिथि बनाए जाने पर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है, रविवि द्वारा श्रीमंत शंकरदेव शोधपीठ लोकार्पण समारोह में आरएसएस के डॉ. कृष्ण गोपाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसका विरोध करते हुए एनएसयूआई ने गुरुवार को कुलपति को आरएसएस कार्यकर्ता लिखी हुई नाम पट्टिका भेंट की। एनएसयूआई ने कहा, शासकीय विवि किसी एक राजनीतिक या वैचारिक संगठन का मंच नहीं हो सकता। यह अकादमिक तटस्थता, संवैधानिक मूल्यों और शासकीय मर्यादाओं के पूर्णतः विरुद्ध है।

### 660 करोड़ रुपए के घोटाले में 10वीं गिरफ्तारी

## सीजीएमएससी घोटाला, डायसिस इंडिया का मार्केटिंग हेड मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सीजीएमससी में मेडिकल उपकरण आपूर्ति करने के नाम पर 660 करोड़ रुपए के घोटाला में शामिल एक अन्य आरोपी को ईओडब्लू ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। ईओडब्लू ने डायसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मार्केटिंग हेड कुंजल शर्मा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 27 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है।

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक उनकी विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि मेडिकल उपकरणों के रीएजेंट्स एवं कन्ज्यूमेबल्स के लिये डायसिस कपनी ने निश्चित एमआरपी तय की थी। कुंजल शर्मा द्वारा मोक्षित कार्पोरेशन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी पॉलिसी को नजरअंदाज करते हुए शशांक चोपड़ा के साथ मिलकर षडयंत्रपूर्वक रीएजेंट्स एवं कन्ज्यूमेबल्स के तय एमआरपी से कहीं अधिक दर एवं शर्तें सीजीएमसी को अनधिकृत रूप से डायसिस कंपनी की ओर से प्रेषित किया गया, जिसके कारण निविदा में सीजीएमएससी ने मोक्षित कार्पोरेशन की मनमानी दर को मान्य कर लिया। फलस्वरूप मोक्षित कॉर्पोरेशन द्वारा सीजीएमएससी को वास्तविक एमआरपी से तीन गुना तक अधिक कीमत पर रीएजेंट्स एवं कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति कर शासकीय राशि का दुरुपयोग करते हुए अनुचित भुगतान प्राप्त किया गया है।

खास खबर

हमर लैब योजना में शासकीय राशि के दुरुपयोग से सबंधित सभी पहलुओं की ईओडब्लू जांच कर ही है। साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय कर आगे भी दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### घोटाले में 10वीं गिरफ्तारी

सीजीएमएससी घोटाला में ईओडब्लू ने पिछले वर्ष 28 जनवरी को मोक्षित कार्पोरेशन के अलग-अलग ठिकानों में रेड कार्रवाई की थी। उसी दिन ईओडब्लू ने मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। जैसे जैसे मामले की जांच आगे बढ़ी, ईओडब्लू ने घोटाला में शामिल सीजीएमएससी के तत्कालीन महाप्रबंधक बसंत कौशिक, कमलकांत पाटनवार, स्वास्थ्य संचनालय के उप संचालक डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौद्र रौतिया तथा दीपक कुमार बांधे को गिरफ्तार किया। इसके बाद सोमवार 19 जनवरी को ईओडब्लू ने हरियाणा, पंचकुला स्थित रिकार्ड्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभिषेक कौशल, रायपुर स्थित श्री शारदा इंडस्ट्रीज के प्रोप्राइटर राकेश जैन, रिकॉर्डर्स एण्ड मेडिकेयर सिस्टम्स के लाइजनर प्रिंस जैन जो शशांक का जीजा है, उसे गिरफ्तार किया। इसके बाद ईओडब्लू ने कुंजल शर्मा को गिरफ्तार किया है।

## तंजानिया में सोने की खान का झांसा देकर कारोबारी से ठग लिए ढाई करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ झांसे में लेने कारोबारी जीजा-साला को जालसाज अपने साथ तंजानिया ले गया और फर्जी एग्रीमेंट कराया

तंजानिया में सोने की खान दिलाने का झांसा देकर मुंबई के एक जालसाज ने रायपुर के कारोबारी से ढाई करोड़ ठग लिए। जालसाज परिचित का था और उसने कारोबारियों को विश्वास में लेने के लिए तंजानिया का भ्रमण भी करवाया और गोल्ड माइंस भी दिखाया। बाद में पूरा मामला फर्जी निकला। सिविल लाइसं पुलिस ने इस मामले में अपराधदर्ज कर लिया है। मोतीबाग, बंजारी बाबा दरगाह के पास रहने वाले समर्थ बरड़िया तथा उनके जीजा मुकुल चोपड़ा ने मुंबई निवासी यश शाह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। समर्थ ने पुलिस को बताया है कि उनके जीजा की यश के साथ दो वर्ष पूर्व मुंबई में पहली बार मुलाकात हुई थी। इस दौरान यश ने मुकुल को अपने तंजानिया में सोने की खान होने की जानकारी दी। यश ने मुकुल को 25 करोड़ रुपए देने पर सोने की खान पर हिस्सेदारी देने का झांसा दिया। इसके लिए मुकुल को यश ने खनन संबंधी टेंडर के फर्जी दस्तावेज दिखाए। कारोबारी द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार यश ▶▶ शेष पेज 13 पर

### अन्य भागीदारों को जानकारी दिए बगैर 70 हजार डॉलर आहरण

निश्चित रकम ट्रांसफर करने के बाद मुकुल यश से तंजानिया में गोल्ड माइंस में मिलने वाले लाभ हानि के संबंध में जब भी पूछताछ करता, यश गोल मोल जवाब देकर बात को टाल देता। इसके बाद मुकुल ने अपने तंजानिया स्थित बैंक में एसकेएस अकाउंट में जमा रकम के बारे में जानकारी जुटाई, तो उसे पता चला कि यश शाह ने अन्य भागीदारों की बगैर जानकारी के 70 हजार डॉलर आहरण कर लिया है।


### फर्जी कंपनी बनाकर तंजानिया में बैंक अकाउंट खुलवाया

मुकुल को झांसा में लेने के बाद पिछले वर्ष यश मुकुल से मिलने रायपुर आया। कारोबारी को झांसा में लेने के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर एसकेएम बुलियन ट्रेडिंग की पार्टनरशिप कंपनी बनायी। कंपनी का बैंक अकाउंट तंजानिया स्थित म्वान्जा बैंक में खुलवाया। इसके बाद तंजानिया के अकाउंट में जालसाज ने एक लाख अमेरिकी डॉलर मुकुल से ट्रांसफर कराया। इस तरह मुकुल के कहने पर समर्थ ने अपने जीजा के तंजानिया स्थित बैंक अकाउंट में तीन करोड़ 14 लाख अमेरिकी डॉलर ट्रांसफर किया।



# शिक्षा भूमि




## आप सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं...

रायपुर।

शहर में मेडिकल शिक्षा को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा, जटिल प्रवेश प्रक्रिया और बदलते नियमों के बीच सही मार्गदर्शन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। हर वर्ष लाखों छात्र डॉक्टर बनने का सपना लेकर NEET जैसी कठिन परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन सीमित सीटों, कड़ी प्रतिस्पर्धा और अधूरी जानकारी के कारण कई योग्य छात्र भी अपने लक्ष्य से पीछे रह जाते हैं। ऐसे समय में MD/MS मेडिकल एडमिशन गाइडेंस छात्रों और अभिभावकों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आया है, जो मेडिकल और पैरामेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में सही, पारदर्शी और भरोसेमंद मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

**मेडिकल एडमिशन प्रक्रिया की जटिलताएँ-** मेडिकल शिक्षा की प्रवेश प्रक्रिया केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है। परीक्षा के बाद शुरू होती है काउंसलिंग, कॉलेज चयन, फीस स्ट्रक्चर, बॉन्ड पॉलिसी, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और रिपोर्टिंग जैसी जटिल प्रक्रियाएँ, जिनके बारे में सही जानकारी न होने पर छात्र अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। कई बार छात्रों को गलत कॉलेज चुनना पड़ता है या वे फर्जी एजेंटों के झांसे में आ जाते हैं, जिससे उनका भविष्य और आर्थिक स्थिति दोनों प्रभावित होती हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए MD/MS मेडिकल एडमिशन गाइडेंस ने छात्रों को एक सुरक्षित और सही मार्ग दिखाने का बीड़ा उठाया है।

**विभिन्न मेडिकल कोर्सों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन-** यह गाइडेंस सेवा केवल एक कोर्स तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत MD, MS, DNB, BDS, BAMS, BHMS, MDS, BPT, B.V.Sc सहित अनेक मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सों में प्रवेश से जुड़ी जानकारी दी जाती है। छात्रों को उनकी शैक्षणिक योग्यता, NEET रैंक, बजट और करियर रुचि के अनुसार सही कोर्स और कॉलेज चुनने में सहायता प्रदान की जाती है। विशेषज्ञ काउंसलर्स छात्रों को यह समझाते हैं कि कौन-सा कोर्स उनके भविष्य के लिए अधिक उपयुक्त रहेगा और किस क्षेत्र में आगे बेहतर अवसर उपलब्ध हैं।

**NEET आधारित एडमिशन और काउंसलिंग की पूरी जानकारी-** गाइडेंस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को NEET आधारित एडमिशन सिस्टम की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जाती है। इसमें ऑल इंडिया कोटा, स्टेट कोटा, मैनेजमेंट कोटा और NRI कोटा के नियमों और शर्तों की स्पष्ट जानकारी दी जाती है। काउंसलिंग के विभिन्न राउंड, सीट अलॉटमेंट, अपग्रेडेशन और मॉप-अप राउंड जैसी प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाया जाता है, ताकि छात्र किसी भी स्तर पर भ्रमित न हों।

**पारदर्शिता और भरोसे का आधार-** MD/MS मेडिकल एडमिशन गाइडेंस की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शी कार्यप्रणाली है। संस्था का स्पष्ट मानना है कि छात्रों का भविष्य किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या फर्जी वादों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसी कारण हर छात्र को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाता है, चाहे वह सीट की उपलब्धता हो, फीस स्ट्रक्चर हो या कॉलेज की मान्यता। गाइडेंस टीम छात्रों को किसी भी प्रकार के अवैध या गैर-कानूनी माध्यम से एडमिशन लेने से सख्त रूप से मना करती है।

**फर्जी एजेंटों और गलत जानकारी से सुरक्षा-** आज के समय में मेडिकल एडमिशन के नाम पर कई फर्जी एजेंट और दलाल सक्रिय हैं, जो छात्रों और अभिभावकों को बड़े-बड़े वादे करके ठग लेते हैं। MD/MS मेडिकल एडमिशन गाइडेंस का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसे तत्वों से बचाना है। गाइडेंस के दौरान अभिभावकों को भी पूरी प्रक्रिया समझाई जाती है, जिससे वे किसी भी प्रकार के धोखे का शिकार न हों। संस्था द्वारा यह भी बताया जाता है कि किसी भी एडमिशन प्रक्रिया में किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए और किन संकेतों से फर्जी एजेंटों की पहचान की जा सकती है।

**समाज के लिए एक सकारात्मक पहल-** मेडिकल शिक्षा केवल एक करियर विकल्प नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम भी है। ऐसे में योग्य और मेहनती छात्रों का सही स्थान पर पहुँचना समाज के हित में भी है। MD/MS मेडिकल एडमिशन गाइडेंस इस दिशा में एक सकारात्मक भूमिका निभा रहा है, जिससे भविष्य में बेहतर डॉक्टर, विशेषज्ञ और स्वास्थ्यकर्मी तैयार हो सकें।






# छॉलीवुड निर्माता, डायरेक्टर ने की युवती की बेरहमी से पिटाई, मारपीट का वीडियो वायरल

## युवती ने छॉलीवुड निर्माता के खिलाफ विवाहित होते हुए उज्जैन ले जाकर जबरन शादी करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता निर्देशक तथा कलाकार के खिलाफ एक युवती ने पुरानी बस्ती थाने में मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। मारपीट करने की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

पीड़िता का आरोप है कि मोहित साहू ने उज्जैन ले जाकर उससे विवाह किया, लेकिन बाद में अपनी दूसरी शादी होने की बात कहकर मुकर गया। पीड़िता के अनुसार, जब उसने दूसरी शादी का विरोध किया, तो मोहित साहू ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। हमले में युवती के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद वह लहूलुहान हालत में पुरानी बस्ती थाने पहुंची, जहां उसने शिकायत दर्ज कराई।

■ मामला बढ़ता देख छॉलीवुड का डायरेक्टर सुरक्षाकर्मी तथा रहवासियों के पैर छूकर माफी मांगने लगा



मामला भाटागांव स्थित सिल्वर ओक अपार्टमेंट के ब्लॉक-410 का है, जहां फिल्म निर्माता मोहित साहू ने अपनी गर्लफ्रेंड से बेरहमी से मारपीट की है। पुलिस जांच के दौरान फ्लैट के अंदर टूटी हुई कुंडी और खून के निशान मिले हैं, जिससे मारपीट की पुष्टि हुई है।

### सिर पर ठोस वस्तु से हमला

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें युवती के सिर से खून बहता साफ नजर आ रहा है। वीडियो देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि उस पर किसी ठोस वस्तु से हमला किया गया। वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है, थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए युवती बेहोश हो गई। इसके बाद गंभीर रूप से घायल युवती को पुलिस ने उपचार कराने अस्पताल में दाखिल कराया। युवती के बयान तथा मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज करने की बात कही है।

### मामला बढ़ता देख पैर छूकर मांगी माफी

मकान के अंदर से युवती के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर कॉलोनी के सिक्योरिटी गार्ड और स्थानीय रहवासी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय रहवासियों के अनुसार स्थिति बिगड़ती देख फिल्म निर्माता मोहित साहू ने सुरक्षाकर्मियों तथा कॉलोनी के रहवासियों के पैर छूकर माफी मांगी, ताकि मामला बाहर न जाए।

## खबर संक्षेप




### शंकराचार्य से दुर्व्यवहार ब्राह्मण समाज ने की कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** यूपी में मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा उनके शिष्यों, बटुकों से पुलिस-प्रशासन द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने नाराजगी जताई है। समाज के विद्वतजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राजभवन में राष्ट्रपति के नाम पत्र सौंपा है। लोक भवन में ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, अरुण शुक्ला, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, सुरेश शुक्ला, अध्यक्ष सरयूपारीण ब्राह्मण समाज, सुरेश मिश्रा, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे, गिरीश दुबे, आकाश तिवारी, विनय तिवारी, डीपी तिवारी, मिश्रीलाल पांडे, लवकुश पांडेय, अशोक दीवान, शैलेश नितिन त्रिवेदी, डॉ. मेघेश तिवारी, सूर्यभूषण शुक्ल, सुनील ओझा, शिव श्याम, अविनय दुबे, सुयश शर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, मयंक तिवारी, विजय पांडे, नम्रता शर्मा, सुनीता तिवारी, सुभद्रा तिवारी, लता पाण्डे, शिवम मिश्रा सहित 175 लोग उपस्थित थे।

## निधन

### हरबख्श राय जसूजा



**रायपुर।** अवंती विहार शादीजा कम्पाउन्ड के पीछे निवासी हरबख्श राय जसूजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष व किशोर के पिता थे।

### शमा अनवर



**रायपुर।** मौदहापारा निवासी शमा अनवर (67) का इंतेकाल हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वे पत्रकार दानिश अनवर की माता थीं।

## प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों की बुझाई प्यास

# गोगांव की पानी टंकी सूखी, नाला क्रासिंग के पास राइजिंग लाइन फूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोगांव पानी टंकी को भरने वाली मेन राइजिंग लाइन प्रिंस ढाबा के पास नाला क्रासिंग पर फूट गई। इसके कारण सीतानगर, गोगांव, सूर्यानगर, अशोक नगर, डबरापारा, बजरंग नगर, गोंदवारा, प्रीतम नगर के रहवासी पानी के लिए तरस गए। जल विभाग ने प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाई। 21 तारीख की शाम और 22 तारीख को सुबह और शाम के समय संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। इससे लोगों को परेशान होना पड़ा।

नगर निगम के फिल्टर प्लांट की टीम द्वारा स्थल पर पाइप लाइन सुधार का कार्य कराया जा रहा है। मौके पर संत कबीरदास वार्ड पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, जोन के अधिकारी और फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, पेयजल आपूर्ति मेन राइजिंग लाइन के फूटे हुए हिस्से में सुधार के बाद ही की जाएगी।



### टैंकर आते ही पानी के लिए उमड़ी भीड़

गोगांव पानी टंकी गुरुवार को दिनभर सूखी रही। सुबह और शाम लोगों के घरों के नलों से बूंद भर पानी नहीं आने से लोग खासे परेशान दिखे। कुछ लोग पाइप लाइन मरम्मत वाली जगह पर डटे रहे। लोगों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन दफ्तर तक पेयजल की शिकायत करते हुए पानी टैंकर की मांग की। दोपहर बाद इन इलाकों में निगम का पानी टैंकर पहुंचा, तब लोग बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने उमड़ पड़े। इससे कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी मच गई। यह नजारा सीतानगर, गोगांव, गोंदवारा, सूर्यानगर सहित अन्य बस्तियों में देखने को मिला।

### नाला के बीच स्ट्रीट पोल शिफ्टिंग के लिए पहुंची बिजली विभाग की टीम

प्रिंस ढाबा के पास बड़े नाला से लगे मेन राइजिंग लाइन जिस जगह फूटी पाई गई, उस बड़े नाला के बीच में विद्युत विभाग का स्ट्रीट पोल लगा हुआ है। ऐसे में इसे सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करना विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती रही। घंटों मशक्कत के बाद भारी भरकम पोल को वहां से सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया। इसके बाद जल विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने का कार्य शुरू किया। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने हरिभूमि को बताया कि यह काम बड़ा जटिल रहा, पर टीम ने बड़ी सावधानी के साथ इस काम को पूरा किया। मेन राइजिंग पाइप लाइन में क्षतिग्रस्त हिस्से में नाले में उतरकर 5 मीटर की नई पाइप लाइन जोड़ी गयी।

### पाइप लाइन मरम्मत में 20 लोगों की टीम, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक काम

बड़ा नाला होने की वजह से मेन राइजिंग लाइन मरम्मत कार्य के लिए निगम ने 20 लोगों की टीम फील्ड में उतारी, जिसमें इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, कटर, तकनीकी जानकार, मजदूर सहित सीएसईबी की टीम शामिल रही। मरम्मत कार्य देर शाम तक चलने की वजह से लाइट की परेशानी को देखते हुए जनरेटर से लाइट शुरू करने अलग से कर्मचारी बुलाए गए। इसके साथ ही स्पॉट पर दो क्रेन, 2 जेसीबी मशीन और एक बडी डंपर मशीन भी इस कार्य में लगाई गई। सूत्रों के मुताबिक देर शाम पाइप लाइन मरम्मत का कार्य पूरा होते ही गोगांव पानी टंकी भरने का सिलसिला शुरू हुआ।

### सुबह होगी जल आपूर्ति मरम्मत का काम पूरा

नाला क्रासिंग के पास क्षतिग्रस्त हुई मेन राइजिंग लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। गोगांव पानी टंकी भर रहे हैं। शुक्रवार सुबह प्रभावित इलाकों में जल आपूर्ति की जाएगी।

\- **नरसिंग फरेन्द्र**, कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

## निगम की कार्रवाई

# नेताजी होटल सील करते ही तीन लाख से अधिक राशि का पार्ट पेमेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 4 राजस्व महकमे ने भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में बकायादारों पर कार्रवाई की। इन पर वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक 6,31,551 रुपए बकाया है।

■ बकाया राशि 10 मार्च तक भुगतान का आश्वासन, सीलिंग स्थगित

इनमें नेताजी हॉटल के भवन स्वामी सरबजीत सिंह, बलविंदर सिंह-काबिज रजनीदेवी चंदनानी द्वारा बकाया टैक्स राशि जमा नहीं किए जाने पर स्थल पर गुरुवार को सीलबंदी कार्रवाई प्रारंभ की। इसी दौरान संबंधित बड़े बकायादार द्वारा स्थल पर 2020-21 से 2022-23 तक का पार्ट पेमेंट 3,66,342 रुपए की बकाया राशि जमा करने पर सीलिंग की कार्रवाई को शेष 3 वर्ष की बकाया राशि 10 मार्च तक जमा करने के आश्वासन के देने के बाद स्थगित कर दी गई। बकायादारों से टैक्स वसूली के इस अभियान वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक के 1,78,998 रुपए के बड़े बकायादार मंजू परवानी पर बकाया राजस्व वसूली स्थल पर की गई। संबंधित बकायादार द्वारा नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही के पूर्व संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान स्थल पर किया गया।

## पेज 11 के शेष

### सुरक्षा कारणों से 26 तक सुबह की...

बाद ही फ्लाइट्स पूर्ववत अपने समय निर्धारित समय पर संचालित हो सकेंगी। गौरतलब है कि सुबह के वक्त रायपुर से दिल्ली के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट उड़ान भरती है। इंडिगो की दिल्ली उड़ान इसके बाद प्रारंभ होती हैं। एयर इंडिया की ही फ्लाइट रद्द की गई हैं।

### गुस्साए डेंटल छात्रों ने ओपीडी में जड़ा...

किसी छात्र संगठन का। एबीवीपी द्वारा समर्थन के लिए उनसे संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया था। गुरुवार को एबीवीपी कार्यकर्ता स्वस्फूर्त ही पहुंचे। गौरतलब है कि शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्र और इंटर्न पिछले 7 दिनों से दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल पर थे।कुछ दिनों पूर्व शासन स्तर पर हुई छात्रों की मुलाकात में उन्हें आश्वासन दिया गया था कि बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में उनके मुद्दों को रखा जाएगा। ऐसा नहीं होने पर आंदोलनकारी छात्र अपना धैर्य खो बैठे। उन्होंने ओपीडी में ताला जड़ दिया। दंत चिकित्सा छात्रों की स्टाइपेंड समानता, हॉस्टल सुविधा जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए छात्रों ने खेद प्रकट किया है।

**यह गुंडागर्दी** : एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने कहा, डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राएं पिछले छह दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे, लेकिन बीजेपी सरकार ने उनकी मांगें सुनने के बजाय साजिश के तहत एबीवीपी को भेजकर आंदोलन को तोड़ने का काम किया। इससे उनकी गुंडागर्दी उजागर होती है। ओपीडी में ताला लगवाना और धरने को उग्र करना साफ दर्शाता है कि सरकार छात्रों की आवाज दबाना चाहती है। यदि शासन ने जल्द से जल्द स्टाइपेंड में वृद्धि, गर्ल्स हॉस्टल निर्माण सहित सभी मांगों पर लिखित और ठोस निर्णय नहीं लिया, तो एनएसयूआई छात्रों के साथ मिलकर इस आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए बाध्य होगी।

### तंजानिया में सोने की खान का...

उन्हें झांसा देने अपने साथ तंजानिया लेकर गया। वहां ले जाने के बाद यश ने कारोबारियों को तंजानिया के रहने वाले किसी अब्दुल्लाह तथा दो अन्य से मुलाकात करवाई। यश ने मुकुल चोपड़ा को झांसा देते हुए कहा कि तंजानिया में गोल्ड माइंस खनन का ठेका लेने विदेशी नागरिकों को दो स्थानीय नागरिकों को पार्टनर बनाना पड़ता है, तभी उनको ठेका मिलता है।

**न्यायालय- श्रीमान बृजेश राय चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग.**

प्रकरण क्रमाक 67 अ / 2025
प्रोसेस क्रमांक- 056/26
पेशी दिनांक 11.02.2026

**सतीशचंद्र अग्रवाल** .... **अपीलार्थी**

**विरुद्ध**

**सुषमा महाडिक वगैरह** .... **उत्तरवादी**

**बनाम**- सुषमा महाडिक, उम्र 62 वर्ष, पति अशोक महाडिक, निवासी-अनिल ज्वेलर्स के उपर, बरसाना काम्पलेक्स, सदर बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

वादी, सतीशचंद्र अग्रवाल प्रतिवादीगण के विरूद्ध सुषमा महाडिक वगैरह जिसमें दावा वास्ते संविदा के विर्निदिष्ट पालन हेतु कीमती 18,60,000/- रूपये अक्षरी (अठठारह लाख साठ हजार) एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमती 2000/- (दो हजार रूपये) कुल कीमती 18.62,000/- पेशी तारीख 11.02.2026 नियत है ।

अतः आप प्रतिवादीगण को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी तिथि **11.02.2026** को, इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इस बाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक **16.01.2026** को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**न्यायाधीश**
**बृजेश राय चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 14/01/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोमा प.ह.न.-84 रा.नि.म.-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री ओमप्रकाश शर्मा पिता श्री प्रभुनाथ शर्मा निवासी अम्लेश्वडीह जागृति नगर दुर्ग छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 187/86 रकबा 0.0139 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/ वाचक/ तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 05/01/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **29/01/2026** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18 कांदुल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदकुमार वर्मा पिता/पति सुजान वर्मा निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1316/1, 1316/6 रकबा 0.093, 0.182 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 08.12.2025 के परिपालन में दिनांक 27.01.2026 को समय 03:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री संतराम देवांगन पिता- श्री कमलेश कुमार देवांगन निवासी- महादेव तालाब के सामने, पुराना चंगोराभाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री अशोक पाण्डेय पिता- स्व. श्री जे.एल. पाण्डेय निवासी - चन्द्राकर हॉस्टल के बाजू गली में ऑपोसिट मैत्री नगर, महादेव घाट मार्ग, पं दीनयाल उपाध्याय वार्ड, वार्ड नं- 69, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. अपने हक स्वामित्व व आधिपत्य भूमि जो वाके मौजा- चंगोराभाठा, डॉ खुबचंद बघेल वार्ड, वार्ड नं 68, प.ह.न. 00059, रा.नि.म.- रायपुर-13-भाठागांव तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 94/1 रकबा 0.0160 हे., एवं खसरा नं 94/2 रकबा 0.0320 हे., एवं खसरा नं 94/3 रकबा 0.0200 हे., कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.068 हे., याने 7320 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है। बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने द्वारा नामित व्यक्ति के नाम बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज, अपने लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी। "सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग. दिनांक 22/01/2026

**भवदीय**
**श्री कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)**
**श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. - 98266-74118**

**तृतीय पुण्यतिथि**

स्वर्गवास 23.01.2023



पुण्यतिथि 23/01/2026

**स्व. राधेश्याम जी शर्मा**
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आदरणीय पिता जी जो जीवन आपने जिया, वही आपकी पहचान है।
कर्तव्य, ईमानदारी और सेवा का जो मार्ग आपने दिखाया
वही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। **आपको शत शत नमन...**
**आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप मे सदैव हमारे साथ रहे...**

आज ही के दिन हमारे पिताजी
**स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा** ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों के द्वारा आपको **भावपूर्ण श्रद्धांजलि** अर्पित करते है।

**श्रद्धानवत्**

**लक्ष्मीनारायण शर्मा,**
**अशोक शर्मा, मनोज शर्मा,**
**विजय शर्मा (भतीजे)**
**एवं समस्त कलावटिया परिवार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**राजेश शर्मा (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
**अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
**रेणु शर्मा- राकेश शर्मा** (बेटी - दामाद)
**डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा** (बेटी-दामाद)
**युवराज, रघुराज (पौत्र)**

फर्म- माँ मौवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

14

कुलदेवी की भक्ति में रमा देवांगन ...

लाइव इवेंट

## ग्रामीण डाक सेवक पदों पर निकली भर्ती, 10वीं पास कर सकेंगे आवेदन



रायपुर। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय डाक की ओर से देशभर में ग्रामीण डाक सेवक के बंपर पदों पर जल्द ही नौकरी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। अधिसूचना जारी होने के बाद अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट **india-post.gov.in** पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत फॉर्म भर सकेंगे। फॉर्म केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य किसी भी प्रकार से अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकेंगे। इस भर्ती के जरिये ब्रांच पोस्ट मास्टर पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 12,000 से 29,380 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाता है। इसके अलावा वहीं असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 10,000 से 24,470 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाता है। भर्ती से जुड़ी अधिक डिटेल लेटेस्ट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही साझा की जाएगी।

### मेरिट के आधार पर होगा चयन

सभी अभ्यर्थियों को बता दें कि इस भर्ती में चयनित होने के लिए न ही किसी प्रकार की परीक्षा का आयोजन किया जाता है और नहीं उम्मीदवारों को इंटरव्यू आदि प्रॉसेस में भाग लेना होता है। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाता है। शैक्षिक योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट हुए अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट में जगह दी जाती है। हालांकि, मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में शामिल होना होता है।

### जीडीएस पदों के लिए योग्यता

इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना चाहिए। उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10th/ मैट्रिकुलेशन अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण किया हो। गणित एवं अंग्रेजी विषयों में में पासिंग मार्क्स प्राप्त किए हों। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 40 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

टीम इंडिया की एक झलक पाने बेताब दिखे फैंस, होटल तक किया बस का पीछा

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मुकाबले के लिए तैयार रायपुर, टीम इंडिया के स्वागत में उमड़े फैंस

भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज के दूसरे महामुकाबले को लेकर राजधानी का 'शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम' पूरी तरह तैयार है। यह मैच आज शाम 7 बजे खेला जाएगा। गुरुवार दोपहर 2 बजे दोनों टीमों के खिलाड़ी रायपुर पहुंचे। खिलाड़ियों के आगमन पर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विशेषकर हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह और जसप्रीत बुमराह को लेकर फैंस के बीच अलग ही दीवानगी थी।



### टीम इंडिया के नारों की गूंज

एयरपोर्ट से खिलाड़ियों के बाहर निकलते ही पूरा परिसर 'टीम इंडिया' के नारों से गूंज उठा। न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ियों के प्रति भी फैंस का उत्साह कम नहीं था। आपको बता दें कि रायपुर में तीन साल बाद दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होने जा रही है। इससे पहले 21 जनवरी 2023 को रायपुर भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का मैच खेला गया था। अब फैंस को टी-20 मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है।





रायपुर। एयरपोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में फैंस अपने चहेते खिलाड़ियों के पोस्टर और संदेश लेकर खड़े थे। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए कुछ फैंस ने तो उसी होटल में रूम भी बुक कर लिए हैं, जहां टीम ठहरी है। इसके अलावा जैसे ही टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी एयरपोर्ट से होटल पहुंचे, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धुनों और लोकनृत्य के जरिए जबरदस्त स्वागत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में लोक कलाकारों ने ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता का शानदार परिचय दिया। छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार सभी का स्वागत किया गया।

### दर्शकों ने खरीदी पसंदीदा खिलाड़ियों की जर्सी

टीम इंडिया का समर्थन करने के लिए दर्शकों ने इंडोर स्टेडियम से बड़ी संख्या में अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की जर्सी खरीदी। ज्यादातर लोग हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव, विराट कोहली और रोहित शर्मा के नंबर वाली जर्सी लेने लगे, वहीं कुछ ने सचिन तेंदुलकर और धोनी की जर्सी की भी मांग की। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

### लोहे की वस्तु लाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा


सीरीज का दूसरा टी- 20 मुकाबला आज शाम 7 बजे से मैदान में शुरू होगा। 20 ओवर का यह मैच अगर दोनों टीमें अपने पूरे-पूरे ओवर खेलती हैं तो मुकाबला रात 11 से 12 बजे तक चलने की संभावना है। स्टेडियम प्रशासन ने दर्शकों के लिए गाइडलाइन जारी की है। मैच के दौरान लैपटॉप, पेन और किसी भी प्रकार की लोहे की वस्तु लाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।

### वार्मअप करने के बाद मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेंगी टीमें

दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड, दोनों ही टीमें मैच से पहले कोई भी अभ्यास सत्र नहीं करेंगी। जानकारी के मुताबिक, आज शाम लगभग 4 बजे दोनों टीमें सीधे स्टेडियम पहुंचेंगी और वार्मअप करने के बाद मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेंगी। नागपुर में शानदार जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया के हौसले बुलंद हैं और वह रायपुर में भी उसी प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेगी। खास बात यह है कि टीम इंडिया के प्रमुख खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव पहले भी रायपुर के इस मैदान पर खेल चुके हैं। ऐसे में वे यहां की पिच और परिस्थितियों से भली-भांति वाकिफ हैं, जिसका फायदा टीम को मिल सकता है।

## बार नवापारा में एक दशक बाद दिखा दुर्लभ 'ऑरेंज ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन', पक्षी प्रेमियों का बना केंद्र

*छत्तीसगढ़ के बारनवापारा अभयारण्य से पर्यावरणविदों और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बेहद सुखद खबर सामने आई है। हाल ही में हुए बर्ड सर्वे के दौरान यहां दुर्लभ प्रजाति का पक्षी 'ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन' देखा गया है। करीब 10 साल बाद इस पक्षी की वापसी को अभयारण्य के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक शुभ संकेत माना जा रहा है। इस दुर्लभ पक्षी को खोजने का श्रेय 'पकरीद टीम' को जाता है।*



रायपुर। सर्वे टीम में प्रसिद्ध बर्डर और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर राजू वर्मा, प्रतीक ठाकुर सहित कर्नाटक, बिहार और ओडिशा के विशेषज्ञ शामिल थे। टीम को सफलता तब मिली, जब उन्होंने एक पेड़ पर इस पक्षी के जोड़े को बैठे देखा। टीम ने मौका न गंवाते हुए उड़ने से पहले इसकी विस्तृत फोटोग्राफी और रिकॉर्डिंग की। ऐतिहासिक रूप से बार नवापारा में इस पक्षी को आखिरी बार वर्ष 2015-16 में विख्यात पक्षी विशेषज्ञ एएमके भरोस ने देखा था। इसके बाद से यह प्रजाति यहां से ओझल हो गई थी। इतने वर्षों के अंतराल के बाद इसकी पुनः उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभयारण्य का वातावरण इन दुर्लभ पक्षियों के लिए अनुकूल बना हुआ है।

## छत्तीसगढ़ 'राज्य स्तरीय रोजगार मेला' 29 से 31 जनवरी तक




रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 29 से 31 जनवरी तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में 'राज्य स्तरीय रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15000 पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए रायपुर जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी गुरुवार को निर्धारित है। उक्त मेला में सहभागिता के लिए ऑनलाइन पोर्टल eroj-gar.cg.gov.in पर रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं कराया है, वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र कार्यालय रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

लाइव इवेंट

## साहित्य उत्सव का भव्य आगाज आज प्रसिद्ध नाटक चाणक्य का मंचन भी



रायपुर। नवा रायपुर पुरखौती मुक्तांगन में आज से रायपुर साहित्य उत्सव का भव्य आगाज होगा। साहित्यिक समागम में पहले दिन चार सत्र में विविध मंडपों पर आयोजन होगा। इन सत्रों के समापन के बाद शाम 7 बजे से स्व. विनोद कुमार शुक्ल के नाम से बनाए गए मुख्य मंडप में प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता मनोज जोशी के लोकप्रिय नाटक चाणक्य का मंचन नाट्य प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। तीन दिवसीय इस साहित्य उत्सव का आयोजन 25 जनवरी तक चलेगा। वहीं छत्तीसगढ़ी कविता और लोकगीतों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ी बोली के प्रमुख कवि रामेश्वर वैष्णव, रामेश्वर शर्मा, मीर अली मीर, शशि सुरेंद्र दुबे उपस्थित रहेंगे। लोकगीत सत्र में डॉ. पीसी लाल यादव, शकुंतला तरार, बिहारीलाल साहू और डॉ. विनय कुमार पाठक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस रायपुर साहित्य उत्सव में देश और प्रदेश के करीब 120 साहित्यकार, बुद्धिजीवी और रचनाकार शामिल होंगे। तीन दिनों में कुल 42 सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें समकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विषयों पर चर्चा होगी। इस उत्सव में लेखिका, पत्रकार शिखा वार्ष्णेय, लेखक-कवि कमलेश कमल, डॉ. गोपाल कमल और नवगीत के शिखर पुरुष डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

### पहले दिन चार सत्र में संवाद-परिचर्चा

पहला सत्र 12.30 से 1.30 बजे मंडप लाला जगदलपुरी में परिचर्चा समकालीन लेखन, मंडप श्यामलाल चतुर्वेदी में संवाद वंदेमातरम, मंडप अनिरुद्ध नीरव में परिचर्चा डिजिटल साहित्य प्रकाशकों के लिए चुनौती विषयों से शुरू होगी। उक्त मंडपों क्रमानुसार ही दूसरा सत्र 2.15 से 3.30 बजे परिचर्चा वाचिक परंपरा में साहित्य, परिचर्चा कविता की नई चाल, संवाद हरिवंश उपसभापति राज्यसभा, सूत्रधार जयप्रकाश पांडेय संपादक साहित्य आजतक रहेंगे। वहीं तृतीय सत्र में 3.45 से 5 बजे परिचर्चा काला पादरी में जनजाति विमर्श, परिचर्चा छत्तीसगढ़ का साहित्यिक अवदान, परिचर्चा स्मृति शेषः विनोद कुमार शुक्ल साहित्य की खिड़की, चतुर्थ सत्र 5.15 से 6.30 बजे परिचर्चा पुरातत्वःमौन साहित्य, संवाद समय की समस्या : सेक्युलरिज्म, काव्य पाठ प्रमुख रहेगा।

बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कमला देवी संगीत महाविद्यालय में वंदना गायन

# नौ रागों पर संगीत के विद्यार्थियों ने संस्कृत, हिंदी और छत्तीसगढ़ी में सरस्वती वंदना की अद्भुत प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

*रायपुर। जय जय हे भगवती सुरभारति तव चरणौ प्रणमामः नादब्रह्ममयि जय वागीश्वरिशरणं ते गच्छामः...है तुमसे यह विनती मेरी शारदे मां, कृपा दृष्टि बनाए रखो...,जय मां सरस्वती भवानी, दाई सरस्वती शारदे, ज्ञान दे वरदान, तेरी आराधना करूं, याद करूं, ध्यान करूं माता सरस्वती जैसी वंदना की भक्तिमय प्रस्तुतियों से संस्कृत व हिंदी, छत्तीसगढ़ी में राग दरबारी, राग भैरवी, राग बागेश्री, रूपक ताल, राग यमन पर आधारित छत्तीसगढ़ी सरस्वती वंदना में संगीत के विद्यार्थियों की अद्भुत सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से कमला देवी संगीत महाविद्यालय का परिसर भक्तिमय हो उठा। अवसर रहा बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर के गायन विभाग में एक अत्यंत अनोखा, विशिष्ट एवं उद्देश्यपरक संगीत आयोजन का। यह संपूर्ण आयोजन डॉ. दीपक बेडेकर के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के पास विभिन्न रागों, तालों और भाषाओं में रचित सरस्वती वंदनाओं का एक समृद्ध संग्रह तैयार करना रहा, ताकि भविष्य में वे जब भी किसी विद्यालय, महाविद्यालय या सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति दें अथवा स्वयं शिक्षक के रूप में सरस्वती वंदना सिखाएं तो उनके पास विविध विकल्प उपलब्ध हों। यह संगीत का पूरा कार्यक्रम केवल सरस्वती वंदना पर ही केंद्रित रहा। इस प्रकार का प्रयोगात्मक और शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी आयोजन विरले ही देखने को मिलता है।*

आज बसंत पंचमी

### सफेद एवं पीले परिधान में अनुपम प्रस्तुति

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफेद एवं पीले परिधान धारण कर सरस्वती पूजन की भावना को साकार किया। इसमें संगत में तबले पर हरि पटेल व हारमोनियम पर निखिल सोनी, नितिन लोनिया, श्रुति विश्वास, प्रीति साहू एवं नमिता गुप्ता ने विभिन्न प्रस्तुतियों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में 20 से 25 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। रायपुर के प्रसिद्ध रचनाकारों डॉ. अनीता सेन, पं. तुलसीराम देवांगन, स्व. पं. गुणवंत व्यास आदि की रचनाओं को विद्यार्थियों ने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।



### आज बसंत पंचमी पर भक्ति व उत्साह के विविध आयोजन

कालीबाड़ी में बसंत पंचमी पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। वहीं शहर के सभी स्कूल-कॉलेजों में सरस्वती वंदना-पूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर वंदना एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं। आज स्कूल-कॉलेजों सहित आमजनों में भक्तिमय माहौल रहेगा।

### कवियों ने बासंती रंग बिखेरे

छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती में आचार्य अमरनाथ त्यागी की अध्यक्षता में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कविता पाठ करते हुए शोभा मोहन श्रीवास्तव ने अपनी पंक्ति कमल बइटकी बिराज सुंदर, झनक-झनक झन बीना बजैया सजा के संगीत सातों सुर में, गुंजार ले सबके मनलुभैया। हे हाथ पुस्तक अउ अक्षमाला, मुड़ी खपाये मकुट रतन हे सहस सुरुज कस उजास मुंहरन, बड़े बड़े मन गिरे चरन हे...से कवि गोष्ठी में रंग भक्ति का रंग घोला। वहीं कवि सुनील पांडे, अनीता झा, जनकवि गोपाल सोलंकी, मोहन श्रीवास्तव, अमरनाथ त्यागी, कुमार जगदलवी 'सुनील', रवींद्रनाथ सरकार, अंबर शुक्ला अंबरीश, भूपेंद्र शर्मा, तेजपाल सोनी, शोभा मोहन श्रीवास्तव, मन्नूलाल यदु 'नाथ', शारदेंदु झा ने अपनी प्रस्तुतियों से कवि गोष्ठी को आनंदमय बनाया।



## धर्म लाइव

# वैवाहिक पत्रिका मार्गदर्शक की तरह समाज का समय और खर्च की बचत



रायपुर। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी ने सतनामी वैवाहिक पत्रिका विमोचन किया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में हुआ। पत्रिका का विमोचन पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के हाथों हुआ। उन्होंने कहा कि वैवाहिक पत्रिका में विश्वभर से समाज के पंजीकृत विवाहयोग्य सैकड़ों युवक-युवतियों का बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। इससे समाज के उन विवाहयोग्य युवक-युवतियों को जीवनसाथी की तलाश करने में यह वैवाहिक पत्रिका बंधन मार्गदर्शक की तरह कार्य करेगी। यह समाज को अपने परिवार के लिए रिश्ते तलाशने में समय व खर्च दोनों से बचाती है। इस पत्रिका के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा वैवाहिक रिश्ते जुड़ेंगे, साथ ही समाज के लिए यह संग्रहणीय धरोहर व बहुपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे व वैवाहिक पत्रिका के संपादक चेतन चंदेल, विमोचन अवसर पर संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष महासचिव डॉ. जेआरसोनी, एमडी माहिलकर, केएल रवि, आरके गेंदले, केएन भारद्वाज, सुंदर जोगी, पं. अंजोरदास बंजारे, डॉ. कल्याण रवि, गोंदा बारले, संगीता बालकिशोर, ममता कुर्रे, संगीता पाटले, शुभांजली गायकवाड़, लक्ष्मी बारले सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों को पत्रिका निशुल्क वितरित

परिचय सम्मेलन में भाग लिए सभी प्रतिभागी न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी कार्यालय से प्रतिदिन 11 से 5 बजे के बीच अपनी पत्रिका निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस वैवाहिक बंधन पत्रिका में राजधानी में 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में आयोजित राष्ट्र स्तरीय हाईटेक सतनामी परिचय सम्मेलन एवं 20 दिसंबर को धमतरी में भाग लिए सभी प्रतिभागियों का रंगीन फोटोयुक्त संयुक्त बायोडाटा प्रकाशित किया गया है, जिसमें नवयुगलों के साथ-साथ समाज की विधवा, विधुर व तलाकशुदा महिला, पुरुषों को भी स्थान दिया गया है।

## आराधना

# साईं झूलेलाल धाम में 25 को निबंध पेंटिंग और चित्रकला प्रतियोगिता



रायपुर। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा निरंतर सेवा की कड़ी में 25 जनवरी को युवा विंग प्रदेश स्तरीय निबंध, पेंटिंग और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन साईं झूलेलाल धाम में करने जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न जिलों के प्रतिभागी शिरकत करने वाले हैं। इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन पंचायत प्रमुखों के साथ युवा विंग द्वारा किया गया। इस संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज, महासचिव बलराम आहूजा ने बताया कि भव्य आयोजन के लिए तैयार किए गए पोस्टर को लांच किया गया है। इसमें सभी सम्मानित समाजजनों द्वारा युवा विंग के इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी मेंबर्स ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए कार्य का विभाजन किया।

### सफल संचालन के लिए तय किया दायित्व

आगामी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए युवा विंग ने निर्णायकों का चयन करने के साथ रूपरेखा को आकार देने के लिए विंग के मेंबर्स को इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए दायित्व दिया है। साथ ही इस अवसर पर पंचायत कार्यालय में पोस्टर विमोचन किया गया। इसमें साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष बाबा मुरलीधर उदासी, तनेश आहूजा, कैलाश बालानी, रमेश मिर्घानी, अमर चंदनानी सहित भारी तादाद में युवा विंग मेंबर्स ने सहभागिता निभाई।

## सिटी लाइव

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने किया वन भ्रमण, सुरक्षा का संकल्प



रायपुर। जिला सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा वन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सदस्यों ने विविध मनोरंजक गेम खेलकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। वन भ्रमण के दौरान समाज के सभी सदस्यों द्वारा सड़क दुर्घटना की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। भ्रमण के दौरान सदस्यो ने झलमला गंगा मैया मंदिर, दंतेश्वरी मैया, शक्कर कारखाना का भ्रमण कर समाज की महिलाओं को शक्कर बनने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सियादेही मंदिर प्रांगण में लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता का संदेश देते हुये उपस्थित लोगों को दोपहिया वाहन चलाने पर हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाने पर सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से उपयोग करने का अनुरोध किया। साथ ही यातायात में दुर्घटना होने पर बैंकों और शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता, इलाज पर मिलने वाली लाखों रुपए की सुविधा के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### यातायात नियमों को लेकर किया जागरुक

इस सामाजिक भ्रमण में मुख्य रूप से रामविशाल शर्मा, सुमन पाण्डेय, कमल नारायण शर्मा, अपर्णा चौबे, शैल शुक्ला, कमलेश तिवारी, राजेंद्र दुबे, आशा शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगो को यातायात नियमों का पालन करने अनुरोध किया। इस दौरान मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गेम के विजेता इंदु, सुधीर दुबे, सतीश शर्मा, देवनारायण शुक्ला, अमितेश तिवारी, मुकेश दीवान, विनोद पाण्डेय, हिमांशु द्विवेदी, संगीता उपाध्याय, गीतांजलि तिवारी, दुर्गेश नंदनी दुबे, कल्पना जोशी, वंदना सहित अन्य सदस्यों ने भी गेम्स में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र दुबे ने किया।

## अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर मनाया महोत्सव

# संगीतमय भजनों से श्रीराम दरबार में बना आस्था का माहौल, हिंदू सम्मेलन के बाद भक्तों ने किया दीपदान

भगवान श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे वर्ष भी शहर के धार्मिक स्थलों में उत्सव का माहौल रहा। किसी ने आराध्य देव का दिव्य श्रृंगार किया तो कहीं भक्तों ने दीपदान करते हुए आस्था अर्पित की। वहीं वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन के साथ ही संगीतमय भजनों की श्रृंखला सजाई गई। इसके साक्षी सैकड़ों की तादाद में भक्त परिवार भी बने। सुबह भगवान को आकर्षक परिधान अर्पित करते हुए उनके श्रीधाम को सजाया गया। वहीं शाम को आरती से पहले दीपदान करते हुए भगवान का श्रृंगार किया गया।

### आराध्य देव की आस्था में किया दीपदान

पुरानी बस्ती स्थित श्री जैतूसाव मठ एवं श्री दूधाधारी मठ प्रांगण में गुरुवार की शाम भक्तिमय माहौल रहा। राजेश्री महंत रामसुन्दर दास ने बताया कि दोनों मठों में संत-महंतों द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। आस-पास की महिला मंडलियों ने भी भजन गायन किया। इस बार भी गोधुलि बेला में आराध्य देव की आस्था में दीपदान किया गया। उन्होंने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे समय करना पड़ा। इसलिए श्रद्धालु इस दिवस को भक्तिमय स्वरूप देने के लिए मंदिरों में विधि-विधान से पूजा,श्रृंगार और अभिषेक का लाभ लेने के लिए पहुंचे।





### भक्ति गीतों भजनों से सराबोर मंडप



उत्सव मंडप में सुप्रसिद्ध कलाकार मोहित शेवाणी द्वारा 'गाथा श्रीराम मंदिर की' भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन 'सुहिणी सोच' की संस्थापक श्रीमती तारवानी, अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसको सफल बनाने के लिए गठित आयोजक टीम में दीक्षा बुधवानी, रेणु कृष्णानी, माही बुलानी, जुही दरयानी एवं मेघा पंजवानी ने आयोजन को सफल बनाने का दायित्व निभाया। संगीत संध्या में शामिल होने वाले लोगों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था होने से लोगों ने आस्थामय भजनों से सजी संगीत संध्या का लुत्फ उठाया।

रायपुर। अयोध्या में रामलला जनमभूमि प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस को लेकर शहर में उत्सव का माहौल रहा। इस कड़ी में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण, प्रियदर्शनी नगर में गुरुवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देशभर में हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला सजाई जा रही है। परंपरागत रूप से सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। पंच परिवर्तन पर उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता राजेश भार्गव ने अपनी बात रखी। उन्होंने वर्तमान समय में प्रतिपादित "पंच परिवर्तन" को लेकर कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्यबोध पर जोर दिया। मुख्य अतिथि महंत देवदास ने अपने आशीर्वचन में कहा कि "आज समाज को सबसे ज्यादा जरूरत सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन की है। इसके बाद रामलला के जयघोष के साथ विधिवत समापन किया गया।

### जगमगाते मंच पर सम्मेलन के बाद भजन



वीआईपी रोड चौक स्थित महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में शाम को राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं 'सुहिणी सोच' के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलन एवं 'गाथा श्रीराम मंदिर की' शीर्षक से एक संगीतमय महागाथा की प्रस्तुति का हिस्सा बनने के लिए लोगों की भीड़ रही। शाम साढ़े 5 बजे अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकर्षक मंच सजाया गया। इसमें विशेष अतिथि के रूप में युधिष्ठिरलाल, नरेंद्र जैन एवं मनीषा तारवानी की उपस्थिति रही। आयोजन की अध्यक्षता समाजसेवी एवं धार्मिक चेतना के प्रेरक बृजलाल गोयल (अध्यक्ष श्री राम मंदिर समिति, रायपुर) ने किया।

### प्रदेश की सुख- समृद्धि की कामना, भंडारा भी

श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा एवं समिति द्वारा श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर छत्तीसगढ़ की सुख- शांति और समृद्धि के लिए हनुमानजी का विशेष श्रृंगार और आरती किया गया। भगवान को भोग लगाने के बाद ब्राह्मण को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके बाद महाभण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आरती में अशोक पांडे, प्रेम माहेश्वरी, नवरत्न माहेश्वरी एवं मंदिर समिति के भारत पांडे, प्रशांत पांडे, आनंद शर्मा शामिल हुए। कुलदीप शर्मा, सुधीर दुबे, अनिल अग्रवाल के साथ कामेश तिवारी और मंदिर के पुजारी राजेश तिवारी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# कुलदेवी की भक्ति में रमा देवांगन समाज, महोत्सव में 2001 महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा

## बिरगांव में देवांगन कोस्टा समाज द्वारा माता के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

रायपुर। बिरगांव में देवांगन-कोस्टा समाज द्वारा कुलदेवी मां परमेश्वरी का बुधवारी बाजार में जहां प्रदेश का सबसे बड़ा मंदिर बनवया गया है। वहीं बसंत पंचमी पर होने वाली मां परेश्वरी पूजा से पहले आराध्य देवी की प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित करने के लिए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में गुरुवार को दोपहर 2 बजे 2001 महिलाओं द्वारा भव्य मंगल कलश यात्रा क्षेत्र में निकाली गई। दो दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन देवांगन (कोस्टा) समाज बिरगांव मंडल, बिरगांव राज कोस्टा देवांगन समाज, मां परमेश्वरी देवांगन समाज विकास समिति के साथ युवा एवं महिला विंग के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को शुरू किया गया। सुबह कलश यात्रा के लिए समाज की महिलाओं का समूह 10 बजे से पहुंचने लगा था। दोपहर में कलश यात्रा शुरू की गई।



### विधि-विधान से किया प्राण-प्रतिष्ठा का नियम

इसका शुभारंभ वैदिक मत्रोच्चार के साथ पुजारी पं. कमलेश शुक्ला ने किया। उनके सहयोगियों द्वारा आराध्य देवी की प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित करने का विधान करवाया जा रहा है। इस पूजा के बाद दोपहर में बुधवारी बाजार, उरला रुट से होते हुए महिलाएं मां शीतला तालाब पहुंचीं, जहां से मंगल कलश भरने के बाद व्यास तालाब से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा का नियम करने के बाद सांस्कृतिक उत्सव का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसमें दुर्ग के कलाकारों द्वारा सजाई गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें समाज सहित निगम क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए।

### आज दिनभर मंदिर में रहेगा उत्सव का माहौल

आयोजन के बारे में देवेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि मां परमेश्वरी की पूजा में शामिल होने वाले समाजजनों को कुलदेवी के दिव्य दर्शन शुक्रवार को प्राप्त होंगे। साथ ही सुबह से लेकर देर-रात तक मंदिर प्रांगण में महोत्सव का माहौल रहेगा। उन्होंने बताया कि वेदी पूजा का नियम मंदिर में 21 जनवरी से शुरू किया गया। साथ ही भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें महोत्सव के दूसरे दिन पांच हजार से ज्यादा लोगों ने भोग-प्रसाद प्राप्त किया। महोत्सव की कड़ी में शुक्रवार को सामाजिक संस्कार से समाज के बच्चों और युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की कला आयरलैंड तक डबलिन में लोकसंस्कृति की गूंज



रायपुर। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में भारत की सांस्कृतिक विविधता की एक सशक्त झलक देखने को मिली, जब स्टेट कल्चरल इवेंट सीरीज के तहत भारतीय दूतावास, डबलिन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पर केंद्रित भव्य सांस्कृतिक आयोजन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयरलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्घाटन आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं और राज्य की विशिष्ट पहचान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारत की विविधता को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हैं।

### लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ पर आधारित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य की कला, संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हस्तशिल्प की प्रदर्शनी ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जहाँ राज्य की कारीगरी की बारीकी और सौंदर्य को सराहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की आत्मा को आयरलैंड की धरती तक पहुँचा दिया और दर्शकों से भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों के साथ हुआ, जिसने उपस्थित अतिथियों को राज्य की स्वादिष्ट पाक-परंपरा से परिचित कराया। कुल मिलाकर यह आयोजन छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और पहचान को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल साबित हुआ।

## हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा को लेकर साइंस टीचर्स ने साझा किए एग्जाम टिप्स

कार्नर न्यूज

# प्री-बोर्ड टेस्ट विद्यार्थियों के लिए परीक्षा से पहले बेस्ट एक्सरसाइज, अब रिवीजन का समय शेष

जेएन पांडे हायर सेकेंडरी स्कूल के साइंस विषय के टीचर प्रमोद पांडे बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते हुए बताते हैं कि विद्यार्थी साइंस टॉपिक के सूत्रों एवं व्युत्पत्तियों को याद करने नियमित प्रैक्टिस करें। प्री-बोर्ड एग्जाम विद्यार्थियों के लिए बेस्ट स्टडी एक्सरसाइज है। यह परीक्षा में सफलता और मेरिट में स्थान पाने का बेस तैयार करता है। मुश्किल से बोर्ड परीक्षा एक महीने से भी कम दिन के शेष रह गए हैं।





रायपुर। अब विद्यार्थियों को नियमित टॉपिक रीविजन और जिन विषय के किसी भी चेप्टर के सवालों, सूत्र को लेकर डाउट हो तो उसे एक बार फिर से टीचर्स से क्लीयर समझ कर क्लीयर कर लें। फिर घर पर उसकी प्रैक्टिस करें। फिजिक्स, रसायन और बायोलॉजी का विषय प्रैक्टिस व प्रैक्टिकल सब्जेक्ट हैं। ऐसे में ग्राफ, ड्राइंग को पुनः रिवाइज कर लेंगे। प्रैक्टिस से ही साइंस विषय के प्रश्नों व फार्मूलों को समझा व याद रखा जाना संभव है। स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप शुरुआत से ही तैयारी कराते आए हैं, ताकि वह एग्जाम में सफल हो सके। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस प्रश्नों को अंक विभाजन के हिसाब से हल कराने की टीप्स दिया जा चुका है। सीजी बोर्ड द्वारा दिए गए प्रश्नों के नोट्स बनाकर भली-भांति उनका रिवीजन भी कराया गया है।

### अब समय बेस्ट परफार्मेंस देने पर करें फोकस

12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए फिजिक्स विषय पर टिप्स देते हुए बताते हैं कि स्टूडेंट्स मॉक टेस्ट और मॉडल पेपर को हल कर लें। इसी के आधार पर विषयों से ज्यादतर प्रश्न आते हैं। नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम के प्रश्नों को भी रीवाइज कर लें। यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना, ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में नॉलेज बेस प्रश्नों की तैयारी परीक्षा में सफल की गारंटी जैसा है।

### लेखन शैली व स्पीड अभी से जांच लें

टीचर्स का कहना है कि बोर्ड एग्जाम को लेकर विद्यार्थियों को मन में डर निकाल देना चाहिए। परीक्षा में लेखन शैली, स्पीड निर्धारित समय के अनुरुप आवश्यक है। ऐसे में लेखन शैली व स्पीड को जज कर लेंगे। पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइमिंग मैनेज कर लें। परीक्षा के दौरान साइंस विषय के प्रत्येक खंड के लिए 10 से 15 मिनट रिवीजन के लिए निर्धारित करना फायदेमंद होगा। ऐसा करने से परीक्षा के समय पर एकदम से बोझ दिमाग पर नहीं आएगा। स्टूडेंट्स परीक्षा हॉल में प्रश्न शीट को अच्छे से समय पर हल करें, आवश्यक हो, उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें।

**खबर संक्षेप**

### मां सरस्वती के रूप में आज करेंगे महामाया का श्रृंगार

**आरंग।** छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी और मंदिरों के शहर आरंग में इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व ऐतिहासिक होने जा रहा है। यहां स्थित प्राचीन आदिशक्ति मां महामाया देवी के मंदिर में भव्य उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। मान्यता है कि इस पावन तिथि पर मां महामाया स्वयं 'महासरस्वती' के रूप में भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। इस विशेष अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटों और विशेष चुनरी से सजाया जा रहा है। शाम ढलते ही पूरा मंदिर प्रांगण दूधिया रोशनी में नहा उठेगा।

### रंजीत गायकवाड़ बने जोरा मंडल अध्यक्ष

**मंदिर हसौद।** सूजन संगठन के तहत धरसींवा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा जमीनी व संघर्ष शील कार्यकर्ता को जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत गायकवाड़ को बनाया गया। वह ब्लाक में बहुत ही सकिय कार्यकर्ता है इस नियुक्ति पर पूर्व विधायक अनिता शर्मा, छाया वर्मा, जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे, नारायण कुर्रे, ऊधो राम वर्मा, डोमेश्वरी वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अंकित वर्मा, भावेश बघेल, जयंत साहू, दुर्गेश वर्मा, आशीष वर्मा, खेम देवांगन अरुण लहरी, सूर्या बंजारे, गावेस साहू, सिया राम साहू, गंगा राम चेलक, जागेश्वर कुर्रे, शुभाष कुर्रे, भीखू वर्मा, प्रशान्त कुर्रे, जयचंद, संतोष पाल, संतराम नारंग सभी ने शुभकामनाएं दी।

### धरसींवा में मनवा कुर्मी समाज का युवक-युवती सम्मेलन 24 को

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज द्वारा 24 जनवरी दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से युवक युवती परिचय सम्मेलन बेनीराम हनुमंता भवन धरसीवा में रखा गया है। राज प्रधान नीलमणी परगनिहा ने इस परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक युवक- युवती भाग लेने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने दी।

### खमरिया में मड़ई मेला कल

**आरंग।** ग्राम पंचायत खमरिया में निषाद समाज एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 24 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कविता हेमंत कश्यप होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेंद्र निषाद, सरपंच, करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी गोपाल धीवर, जनपद सदस्य आरंग, मंचासीन रहेंगे। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगरसिया जोड़ीदार नाचा पार्टी, लखनपुरी (चारामा) द्वारा गम्मत की प्रस्तुति दी जाएगी।

**निधन**

### रामविलास राठी



**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रामविलास राठी 70 साल का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नेवरा के सार्वजनिक मारवाड़ी शमशान घाट में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे कांग्रेसी नेता नीरज राठी नीलेश राठी के पिता एवं अशोक राठी बंटी राठी के बड़े भाई थे।

## खिलोरा में शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

# गृहस्थ आश्रम ही समाज और राष्ट्र की आधारशिला: पं. युवराज पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम खिलोरा में आयोजित सात दिवसीय भव्य शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय ने अपनी ओजस्वी वाणी से शिव तत्व की व्याख्या करते हुए जीवन के गूढ़ रहस्यों को उजागर किया। उन्होंने हिंदू धर्म के चारों आश्रमों की चर्चा करते हुए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि बताया। पंडित पाण्डेय ने कहा कि ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास इन तीनों आश्रमों का अस्तित्व और पोषण गृहस्थ ही करता है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि स्वयं भगवान ने जब भी धरती पर अवतार लिया, तो उन्होंने गृहस्थ के घर को ही चुना। चाहे राजा दशरथ-कौशल्या हों या देवकी-वासुदेव, भगवान का प्राकट्य गृहस्थ जीवन की महत्ता को स्वयं सिद्ध करता है।





### शिव महापुराण से जाग्रत होता है विवेक

कथा के दौरान बताया गया कि बिना सत्संग के विवेक प्राप्त नहीं होता और बिना शिव की कृपा के शांति संभव नहीं है। भगवान शिव, जो एक साथ योगी भी हैं और गृहस्थ भी, हमें एक संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। शिव महापुराण के श्रवण से मनुष्य के संचित पापों का क्षय होता है। कथा के दौरान पूरा ग्राम 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति-रस का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय आयोजन समिति और ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

### संस्कारहीन माता-पिता संतान के शत्रु

कथावाचक ने पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों पर कड़ा संदेश देते हुए कहा की पति-पत्नी और संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाना ही सबसे बड़ा धर्म है। जो माता-पिता अपनी संतानों को अच्छी शिक्षा और सन्मार्ग नहीं दिखाते, वे अनजाने में अपनी ही संतान के भविष्य के शत्रु बन जाते हैं। हमें अपने समाज, राष्ट्र और पूर्वजों की परंपराओं के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए।



## वामन अवतार और गजेंद्र मोक्ष की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन पं. लिखेश्वर महाराज तरपोंगी वाले ने गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन, वामन अवतार की कथा विस्तार से बताते हुए प्रभु श्री कृष्ण ने मगर को मार कर गज का उद्धार किया। पूर्व जन्म में गजेंद्र द्रविड़ देश का राजा इंद्रधूम था। और ग्रह उहु नाम का गंधर्व था। प्रभु गज की पुकार सुनकर मगर को मुक्ति दे दी और उसे अपने धाम में पहुंचा दिया। फिर समुद्र मंथन की कथा कहते हुए समुद्र से निकले 14 रत्न के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही भगवान के वामन अवतार की कथा कहते हुए राजा बलि से तीन पग भूमि का दान लेकर राजा बलि को पाताल लोक का राज्य दे दिया। कथा के अंतिम सत्र में कृष्ण जन्म की कथा सुनाएं जिससे श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए कृष्ण जन्म की कथा से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया।

## धान खरीदी नीति के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शासन की वर्तमान धान खरीदी नीति से किसानों को हो रही परेशानियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि धान खरीदी की लिमिट कम होने तथा टोकन होने के बावजूद धान नहीं खरीदे जाने से किसान आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले वर्ष का धान पूरी तरह नहीं खरीदा गया।

वहीं इस वर्ष भी वहीं स्थिति बनती नजर आ रही है। इससे किसान कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं और उनकी स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण प्रदेश का अन्नदाता सबसे ज्यादा परेशान है। धान खरीदी की सीमा कम कर किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। सरकार को धान लेना ही है तो यह समय सीमा में खरीदना चाहिए। धान खरीदी को लेकर किसान के घर, खेत, खलिहान में छापा मारना ये उचित नहीं है। कांग्रेस ने शासन से मांग की है कि धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाई जाए तथा किसानों को उनकी पूरी उपज बेचने का अवसर दिया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोला सोनवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद दीक्षा राठी, पार्थ वैष्णव, वीरेंद्र सिन्हा, हिम्मत सिंह, योगेश राठी, नीमा निम्भेकर रेणुका साहू, सहदेव कोसरिया, सुमीत तंबोली, शशि शर्मा, राजेश साहू, नीलकंठ साहू, टिकेश्वर देवांगन, अजय सेन, गोवर्धन साहू, प्रेम सोनवानी सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नारा के गौठान में आगजनी 85 ट्रैक्टर पैरा जलकर राख

**आरंग।** ग्राम पंचायत नारा के गौठान में मवेशियों के लिए सेट में इकट्ठा कर सुरक्षित रखी गई पैरा को अज्ञात लोगों द्वारा आग के हवाले कर दिए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस आगजनी में गौठान में संग्रहित लगभग 85 ट्रैक्टर पैरा जलकर पूरी तरह राख हो गई। पैरा के साथ सेट भी जलकर राख न हो जाए, इसे लेकर ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। आग लगने से ग्राम पंचायत को भारी नुकसान हुआ है। यह घटना बुधवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारा के किसान कैलाश वर्मा रायपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे भानसोज रोड से गुजर रहे थे, तो सड़क से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम नारा के गौठान में आग की तेज लपटें उठती हुई दिखाई दीं। चूंकि गौठान रिहायशी क्षेत्र से बाहर स्थित है, इसलिए प्रारंभिक समय में किसी को आग लगने की जानकारी नहीं मिल पाई। आग की भयावहता को देखते हुए किसान कैलाश वर्मा ने बिना समय गंवाए ग्राम सरपंच, पूर्व सरपंच सहित गांव के अन्य प्रमुख लोगों को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पैरा का बड़ा हिस्सा जलकर नष्ट हो चुका था।

फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पूर्व ही पैरा राख में तब्दील हो चुकी थी। प्रथम दृष्टया यह आग जानबूझकर लगाई गई प्रतीत हो रही है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। गौठान में रखी पैरा जल जाने से अब गांव में मवेशियों के लिए चारे का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गौठान की पैरा पूरे मौसम के लिए मवेशियों का प्रमुख सहारा थी। अचानक हुई इस घटना से पशुपालक किसानों की चिंता बढ़ गई है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही मवेशियों के लिए तत्काल वैकल्पिक चारा व्यवस्था की जाए, ताकि पशुधन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## कोनारी चौक के पास खेत में मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोनारी चौक के पास गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक खेत में अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह जब कुछ ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तब उनकी नजर खेत में पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों और तिल्दा पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की उम्र लगभग 30 से 32 वर्ष के बीच है। शव के पास से पहचान संबंधी कोई भी दस्तावेज या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों और थानों में युवक की फोटो भेजकर पहचान कराने का प्रयास कर रही है।



प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि युवक के शरीर पर बाहरी तौर पर चोट के कोई निशान नहीं दिखे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का वास्तविक कारण क्या है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

मृतक के शरीर पर कोई प्रत्यक्ष चोट का निशान नहीं मिला है, लेकिन पुलिस हर एंगल से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। रमाकांत तिवारी, थाना प्रभारी, तिल्दा ने कहा की यदि किसी को इस युवक के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तत्काल तिल्दा पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

## सृजन स्कूल के 4 रोवर एवं स्काउट मास्टर राष्ट्रीय जंबूरी का हिस्सा बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी रोवर-रेंजर का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दूधली, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में किया गया। इस जंबूरी में सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के स्काउट-गाइड के चार रोवर भावेश सोनकर, कैलाश पटेल, विनायक जलछत्री एवं यशु बंजारे ने संस्था के स्काउट मास्टर लक्ष्मी नारायण पटेल के कुशल मार्गदर्शन में भाग लेकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने। इस आयोजन में रायपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से 165 रोवर, रेंजर, रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर सम्मिलित हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए प्रतिभागियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से टीम बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय जंबूरी में छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त भारत के 28 राज्यों से तथा श्रीलंका से भी प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अपनी-अपनी टीम के साथ भाग लेकर



विभिन्न प्रतिभाओं एवं कलाओं की मनमोहक और अविरल प्रस्तुतियां दीं। जंबूरी आयोजन के दौरान विभिन्न राज्यों के बीच जिला गेट, राज्य गेट निर्माण, पायोनियरिंग, क्राफ्ट, मार्च-पास्ट, युवा संसद, क्विज, वेश-भूषा, लोक कला, संस्कृति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही रोवर-रेंजरों ने साहसिक गतिविधियों जैसे बाइक राइडिंग, हॉर्स राइडिंग, मंकी ब्रिज सहित अन्य गतिविधियों में भी भाग लिया। कार्यक्रम में जी. स्वामी जी, रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, आरंग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा तथा अभनपुर की विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू अपने परिवार सहित उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रबंधन समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह-सचिव सतीश सोनकर, संस्था की प्राचार्य यशोदा योगी, उप-प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों ने भी सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा व केवट राज जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पंचायत उमरिया में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ एवं केवट राज जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा, आस्था और परंपरा से ओतप्रोत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 जनवरी को सत्य सनातन संगठन के तत्वावधान में संगठन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। सुबह राम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। पारंपरिक मादर, झांझ एवं भजन-गायन के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा एवं कलश लेकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा और ग्रामीण श्रद्धा में झूमते नजर आए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रामसत्ता में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। कलश यात्रा के समापन पश्चात प्रसादी एवं अखंड भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कोलोरधारी माताओं सहित समस्त ग्रामवासियों ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

संध्या बेला में लोक आराधना मानस परिवार, दरबा द्वारा केवट राज के निष्काम प्रेम और रामभक्ति पर आधारित सुमधुर प्रस्तुति दी

■ श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा और ग्रामीण श्रद्धा में झूमते नजर आए

गई, जिसने श्रोताओं का मन मोह लिया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में जय अंबे जय झांकी परिवार, मोहरेंगा ने सजीव झांकियों के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों को प्रस्तुत किया, जिसे देखकर ग्रामीण अत्यंत प्रसन्न हुए और देर रात तक आयोजन स्थल पर उत्साह बना रहा। इस सफल आयोजन में सत्य सनातन संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष सागर यादव, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी यशवंत भारती, उप-कोषाध्यक्ष बीरबल, सचिन तानेश, सह-सचिव रिंकु यादव, संचालक चंदु निर्मलकर सहित सदस्य निकेश, मन, लोकेश मानिकपुरी, लकी, सोनू, अप्पू, हेमराज, जय, करण, चंदन, साहिल, प्रवीन, यश, नागेश, संनत एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### संगम में संतों का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण है : बघेल

**कूंरा।** प्रयागराज माघ मेले जैसे पावन और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में सत्य, सनातन और राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक जगद्गुरु शंकराचार्य परंपरा के आचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के साथ जो अमर्यादित और अपमानजनक व्यवहार किया गया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर गहरा आघात भी है। योगी सरकार के इशारे पर प्रशासनिक तंत्र ने संगम क्षेत्र में शंकराचार्य जी के जत्थे को रोकते हुए जिस प्रकार बुजुर्ग साधु-संतों, वेदपाठी बालकों और उनके अनुयायियों के साथ पुलिस बल द्वारा धक्का-मुक्की, मारपीट और अभद्रता की, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि आज सत्ता के आगे सच्चे, सरल और निर्भीक संतों की गरिमा भी सुरक्षित नहीं है। भावेश बघेल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( ओबीसी विभाग )ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार स्वयं को धर्म, संस्कृति और साधु-संतों की रक्षक बताकर सत्ता में आई, उसी सरकार के शासन में संतों पर बल प्रयोग होना उसके दोहरे चरित्र को उजागर करता है, जहाँ धर्म केवल राजनीति का माध्यम बनकर रह गया है।

## उमरिया में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा

**मंदिर हसौद।** ग्राम पंचायत उमरिया के सत्य सनातन सगठंन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद के नेतृत्व में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगाठ के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और आस्था के उत्साह के साथ किया गया। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 जनवरी को आयोजन किया गया था जिसमें भगवान श्री राम की प्रतिमा को कलश के साथ पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया तथा पूरे ग्राम में प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ सब झूम उठे तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रामसत्ता में अपना बहुमुलय सहयोग प्रदान किया,यह एकदम पारंपरिक तरीकों से मादर, झाझ व गायन के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ राम मंदिर से होते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया तथा, उसके उसके पश्चात प्रसादी व अखंड भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें समस्त कोलोरधारी माताएं एवं समस्त ग्राम वासीयो ने प्रसादी ग्रहन किया संध्या की बेला में लोक आराधना मानस परिवार दरबा ने मनमोहक गायन व वाद्य यंत्र के साथ पूरे ग्राम वासियों का मन मोह लिया व रात्रि के जिला में जय अंबे जय झांकी परिवार मोहरेंगा ने अपने झांसी के माध्यम से घटित घटनाओं को बताने का प्रयास किया है जिससे हमारे गांव वाले बहुत ही प्रसन्न हुए यह कार्यक्रम सत्य सनातन संगठन के द्वारा आयोजन किया गया जिनके संस्थापक व अध्यक्ष तेजराम निषाद उपाध्यक्ष सागर यादव कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी यशवंत भारती अप कोष अध्यक्ष बीरबल सचिन तानेश सह सचिव रिंकु यादव, संचालक चंदु निर्मलकर हुआ सदस्य निकेश, मन, लोकेश मानिकपुरी, लकी, सोनु, अपपु, हेमराज, जय, करन, चंदन, साहिल, प्रवीन, यश, नागेश, संनत और आप भी सदस्य अपना बहुमूल्य सहित प्रदान किया कार्यक्रम अच्छे से संपन्न होता है।

## धरसींवा के मोहदी में छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण

# पुरखों के स्वाभिमान की पुनर्स्थापना है छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

हम उस वीर धरा के सपूत हैं, जिसकी माटी में सेवा और समर्पण बसा है। इन्हीं गौरवशाली संकल्पों को आत्मसात करते हुए धरसींवा ब्लॉक का ग्राम मोहदी गुरुवार की शाम एक स्वर्णिम इतिहास का साक्षी बना। क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की विशेष पहल और स्थानीय जनमानस के अटूट विश्वास के संगम से गांव के मुख्य मार्ग पर 'छत्तीसगढ़ महतारी' की भव्य प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना की गई। यह अवसर केवल एक पाषाण प्रतिमा के अनावरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक विराट सांस्कृतिक महापर्व में परिवर्तित हो गया, जहां गांव की गलियों से लेकर मुख्य



चौराहे तक छत्तीसगढ़ी गौरव और अस्मिता का उल्लास बह निकला। ग्राम मोहदी में महतारी की प्रतिमा की स्थापना के दौरान पूरा वातावरण 'अरपा पैरी के धार' और 'छत्तीसगढ़ महतारी की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप और लोक संस्कृति के रंगों ने इस पल को यादगार बना दिया। विधायक अनुज शर्मा की इस पहल ने न केवल मोहदी को एक नई पहचान दी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि विकास के साथ-साथ अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना ही सच्ची सेवा है। इस ऐतिहासिक शाम को पूरा मोहदी गांव छत्तीसगढ़ी स्वाभिमान के एक अनूठे रंग में रंगा नजर आया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

### जड़ों को मजबूत करेंगे, तभी भविष्य उज्ज्वल होगा

प्रतिमा के अनावरण के बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में /"जय जोहार, जय छत्तीसगढ़/" का उद्घोष किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, /"मोहदी की पावन धरा पर छत्तीसगढ़ महतारी की स्थापना केवल एक पाषाण प्रतिमा का अनावरण नहीं है, बल्कि यह हमारे पुरखों के स्वाभिमान और हमारी गौरवशाली परंपरा की पुनर्स्थापना है।/" उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी भाषा और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। यह प्रतिमा हर राहगीर को याद दिलाएगी कि हम उस वीर धरा के सपूत हैं, जिसकी माटी में सेवा और समर्पण बसा है।

### विकास और विरासत का अनूठा संगम

विधायक अनुज शर्मा ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता केवल अधोसंरचना तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा/"हमें विकास भी चाहिए और विरासत भी। क्षेत्र में सड़कों और नालियों का निर्माण तो प्राथमिकता है ही, लेकिन अपनी लोक कला और सांस्कृतिक प्रतीकों को सहेजना भी मेरा संकल्प है। छत्तीसगढ़ महतारी का यह स्वरूप हमारी मातृशक्ति के त्याग और स्नेह का प्रतीक है।

### उत्सव सा माहौल: रावत नाच और पुष्पवर्षा

विधायक के आगमन पर ग्रामीणों का उत्साह चरम पर था। पारंपरिक वेशभूषा में सजे रावत नाच के दलों ने अपनी कला से समां बांध दिया। युवाओं और बुजुर्गों ने विधायक को कंधों पर उठाकर और पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। देर रात तक चली आतिशबाजी और आकर्षक रोशनी से नहायी छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा क्षेत्र के आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गई है। इस आयोजन ने न केवल मोहदी बल्कि पूरे धरसींवा क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना की एक नई अलख जगा दी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष हरि वर्मा, अनुपमा वर्मा,ठाकुर राम वर्मा, पूर्व सरपंच श्रीराम साहू, उपसरपंच सालिक राम निषाद, शिव राम साहू, नरसिंग वर्मा, अविनाश मोहदी वाले, अखिल मोहदी वाले, लीलाधर वर्मा, शिव कुमार साहू, सोनाराम साहू, पूर्व सरपंच रैता विद्या भूषण वर्मा, सिलयारी उपसरपंच गजेंद्र साहू, सूरज पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किया शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आगजनी की घटना के बाद घटना स्थल पहुंचकर इसका निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विभाग के अधिकारी से आग लगने की घटना की जानकारी। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने बातचीत में बताया कि आगजनी से जो भी रिकार्ड जलकर खाक हुए हैं, उनमें ज्यादातर की एंट्री ऑनलाइन हो चुकी है, जो अब कम्प्यूटर सिस्टम में सुरक्षित है।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से

**रायपुर।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के लगभग 15 हजार पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी को होगा।

### विशेष शिविर में 150 से अधिक लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

**रायपुर।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जैन सेवा समिति रायपुर के आग्रह पर सदर बाजार स्थित महावीर जैन भवन में विशेष पंजीयन शिविर लगाया गया, जिसमें 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कराया। इस दौरान जैन सेवा समिति के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों सहित 150 से अधिक लोगों के वय वंदना कार्ड बनाए गए।

### अभिषेक बने कबीरधाम जिला पंचायत सीईओ

**रायपुर।** दुर्ग में पदस्थ अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल को कबीरधाम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। यह नियुक्ति कबीरधाम जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के ओएसडी बनाए जाने के बाद की गई है।

### जल कार्य विभाग की बैठक

**रायपुर।** महात्मा गांधी सदन के सभाकक्ष में गुरूवार को जल कार्य विभाग के सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में जलसंकट ग्रस्त क्षेत्रों में पाइप लाइन विस्तार, पाइप लाइन लीकेज और इसके मरम्मत कार्य , नालियों से गुजर रही पाइप लाइनों की शिफ्टिंग पर चर्चा हुई। जल कार्य विभाग अध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों को गर्मी के दौरान शहर की पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के संबंध में निर्देश दिए।बैठक में पार्षद प्रदीप वर्मा, आनंद अग्रवाल, रमेश सपहा सहित कार्यपालन अभियंता जल न सिंग फरेन्द्र, नगर निगम मुख्यालय जल कार्य विभाग सहित जोनों के जल कार्य विभाग के उप अभियंता उपस्थित रहे।

### नेता प्रतिपक्ष ने जल समस्या की दी जानकारी

**रायपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम आयुक्त विश्वदीप को पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया। शिव मंदिर के आसपास की गलियों में पानी की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यादव पारा, धोबीपारा, अर्जुन चौक में पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं आ रहा है। इससे लोग परेशान हैं। क्योंकि 4 इंच के पाइप से वार्ड में 900 घरों का कनेक्शन दे दिया गया है।

# 23 फरवरी से छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने की संभावना

## 27 फरवरी को पेश होगा बजट, जल्द जारी होगी अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सत्र के दौरान होली में पांच दिन अवकाश रहने की संभावना है, सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सेशन 23 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक चलने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सत्र की तैयारियों पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले। दोनों ने विधानसभा के बजट सेशन की तैयारियों पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक चलने की संभावना है। 27 फरवरी को विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट पेश किए जाने की संभावना है।

सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

सत्र के दौरान होली में पांच दिन अवकाश रहने की संभावना है। सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा राज्य से बाहर हैं और कल उनके लौटने के बाद सत्र के बारे में अधिसूचना जारी की जा सकती है।



### राज्यसभा की दो सीटें हो रहीं खाली

राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया भी इस दौरान पूरी की जाएगी। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य केटीएस तुलसी और फूलो देवी नेताम का कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने पर विधानसभा में इसकी प्रक्रिया पूरी किए जाने की संभावना है। चुनाव के लिए मतदान कराने की स्थिति में अप्रैल में कराए जाने की संभावना है।

## प्रदेश में पहली बार मंडल कांग्रेस का गठन

# कांग्रेस ने गरियाबंद में एक मृत व्यक्ति को बना दिया मंडल अध्यक्ष

**25 से 30 बूथों को मिलाकर एक मंडल का गठन, बैज बोले- त्रुटि सुधार किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए नई पहल की है। पहली बार कांग्रेस ने प्रदेश के सभी मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की है, लेकिन अब इसे लेकर विवाद शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने गरियाबंद में एक मृतक को मंडल अध्यक्ष बना दिया है। वहीं, कुछ चेहरे ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में भी पदस्थ किए जा चुके हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश में पहली बार मंडल कांग्रेस का गठन किया गया है। बूथों को एकजुट करने के लिए 25 से 30 बूथों को मिलाकर मंडल का गठन किया गया है। अब यह मंडल अपने अंतर्गत आने वाले बूथों की निगरानी कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। पीसीसी ने पूरे प्रदेश में 1468 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत बनाए गए मंडल अध्यक्षों को लेकर पीसीसी ने सभी मंडलों के पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर मंडल अध्यक्षों का चयन किया गया है। हालांकि यह सूची काफी पहले तैयार कर ली गई थी, लेकिन जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची को लेकर देर से जारी की गई है। रायपुर शहर में 42 मंडल अध्यक्ष और रायपुर ग्रामीण में 45 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

### पांच माह पहले हो चुकी है मौत

छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने 1468 मंडलों में नियुक्तियां की हैं। पहली बार पार्टी में मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं, इससे पहले ब्लॉक और वार्ड स्तर पर ही इकाइयां हुआ करती थीं, लेकिन अब मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति विवादों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस के मंडल अध्यक्षों की सूची में जहां एक मृतक का नाम शामिल है। सूची में अंकित एक मंडल अध्यक्ष का निधन करीब पांच महीने पहले हो चुका है, इसके बावजूद सूची में नेता का नाम दर्ज था।



**सूची काफी पहले तैयार कर ली गई थी, लेकिन जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची को लेकर देर से जारी की गई है**

**रायपुर शहर में 42 मंडल अध्यक्ष और रायपुर ग्रामीण में 45 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई**

### आंतरिक एसआईआर करा लेना चाहिए- श्यामबिहारी



मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने चुटकी लेते हुए कहा, कांग्रेस को आंतरिक एसआईआर कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने भाजपा की नकल कर मंडल अध्यक्ष बना दिया है, लेकिन नकल के लिए भी अकल की जरूरत होती है। कांग्रेस को आंतरिक स्तर पर एसआईआर करना चाहिए, इससे पता चलेगा कहां किसकी मृत्यु हो गई है।

### पिछले पांच माह से चल रही थी नियुक्ति प्रक्रिया- बैज



*अब भाजपा की चुटकी के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पहली बार कांग्रेस ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अभी 1468 लोगों की सूची जारी की गई है, जल्द ही दो महीनों में 27 हजार बूथ कमेटियां भी बन जाएंगी, इसके लिए पिछले 5 माह से नियुक्ति प्रक्रिया चल रही थी। सूची जारी होने से पहले एक अध्यक्ष की मृत्यु भी हो गई। उनकी जगह जल्द नई नियुक्ति करेंगे।*

### त्रुटि सुधार कर लिया गया

*छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सूची में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में मृत व्यक्ति को कांग्रेस संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई। दिवंगत नेता रूपेंद्र सोम को इंदागांव मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी गई है, जबकि 22 अगस्त 2025 को रूपेंद्र सोम का निधन हो गया था। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा, हमने प्रदेश कार्यालय में इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह त्रुटि है, जिसका संशोधन कर लिया गया है। मनुराम महाकुर को इंदागांव का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।*

# वक्फ बोर्ड का फरमान, 26 को सभी मस्जिद, दरगाह, मदरसा में फहराया जाए राष्ट्रीय ध्वज






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जो लोग ध्वजारोहण के खिलाफ हैं, वो देशभक्त नहीं : डॉ. सलीम राज

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने यौमे जम्हूरिया (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर राज्यभर की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के निर्देश जारी किए हैं। वक्फ बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, 26 जनवरी 2026 को देश में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य की सभी मस्जिद, मदरसा और दरगाह के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने अपील की है, यौमे जम्हूरिया (गणतंत्र दिवस) के महत्व को समझते हुए इस पर्व को देशभक्ति, आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाएं।

डॉ.सलीम राज ने कहा, हमारा देश सूफी-संतों का देश है। यहां हर जाति, धर्म, पंथ, समाज के लोग गंगा-जमुना तहजीब के साथ मिल-जुल कर रहते हैं। इस्लाम धर्म, मुल्क से मोहब्बत का पैगाम देता है, इसलिए मुल्क की जम्हूरियत के इस पर्व पर देश के प्रति अपना प्रेम और संविधान के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए ध्वजारोहण करना चाहिए। जो लोग ध्वजारोहण के खिलाफ हैं, वो देशभक्त नहीं हैं, बल्कि देशद्रोही हैं। ऐसे लोगों को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें भारत छोड़कर चले जाना चाहिए, जिन्हें तिरंगा फहराने से तकलीफ होती है। डॉ.राज ने कहा, भारत का मुसलमान वतन परस्त है और अपने देश से मोहब्बत करता है और देश के संविधान का हृदय से सम्मान करता है, लेकिन कुछ नामनिहाद मुसलमानों की वजह से बाकियों को भी शक की निगाहों से देखा जाता है, हमें ऐसे नामनिहाद लोगों से बचना है और देश की जम्हूरियत के पर्व को एक साथ मिल-जुल के मनाकर देश की गंगा-जमुना तहजीब को कायम रखना है और देश के संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा व आदर सदैव बनाये रखना है।

# नितिन नबीन अब राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा को मिलेगा नया प्रभारी



- नई कार्यकारिणी के बाद कई राज्यों के तय होंगे प्रदेश प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अब छत्तीसगढ़ के प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलना लगभग तय हो गया है। पहले नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई कार्यकारिणी बनेगी, इसके बाद कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी तय होंगे। इसमें छत्तीसगढ़ का भी नया प्रदेश प्रभारी शामिल होगा। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा, जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नबीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली।

### फैसला राष्ट्रीय संगठन के हाथ

श्री नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा। एक संभावना जताई जा रही है कि उप्र या बिहार के ही किसी नेता को यह जिम्मा दिया जा सकता है। राष्ट्रीय संगठन किसी भी राज्य के नेता को यह जिम्मा दे सकता है।

# पॉवर कंपनी के संविदा लाइनमैन के मानदेय में इजाफा, मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने संविदा पर कार्यरत लाइन मैन का मानदेय बढ़ा दिया है। कंपनी ने उनके नियुक्ति आदेश में उल्लेखित 10 वर्ष की संविदा सेवा के बाद सेवा समाप्ति से राहत दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में यह फैसला लिया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन व जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने इस पर त्वरित निर्णय के लिए प्रेरित किया। लाइन मैन संविदा का मूल वेतन 15600 रुपए होगा। इसमें पांच प्रतिशत मैदानी भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अनुभव के आधार पर विशेष भत्ता प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा, जो तीन वर्ष से सात वर्ष तक के अनुभव के आधार पर चार स्लैब में होगा। अब तक लाइन मैन को 14,645 रुपए प्रतिमाह का फिक्स मानदेय दिया जा रहा था, यह अब 19,366 रुपए प्रतिमाह तक कर दिया गया है। अब कंपनी आवश्यकतानुसार एवं कार्य मूल्यांकन में योग्य पाए जाने पर संविदा सेवा अवधि को एक-एक वर्ष के स्लैब में विस्तारित किया जा सकेगा।

अनुभव की गणना प्रथम नियुक्ति आदेश के ज्वाइनिंग दिनांक से की जाएगी। नई मानदेय व्यवस्था 1 फरवरी 2026 से लागू होगी। लाइन मैन को पहली बार 800 रुपए प्रतिमाह पेट्रोल भत्ता दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने सीईओ से की एसडीएम और तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- जिला कांग्रेस कमेटी ने चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एसडीएम और तहसीलदार के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने बताया कि उक्त अधिकारियों द्वारा भाजपा मंडल के पदाधिकारियों से साठगांठ कर उत्कल, गरीब, मजदूर, वर्ग विशेष एवं कांग्रेस समर्थित लोगों को चिन्हांकित कर मतदाता सूची से नाम काटने का काम कर रहे हैं। मामले की शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त को की गई है।

कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने बताया कि विगत दिनों कांग्रेस कार्यकर्ता अरुण पांडे किसी आवश्यक कार्य से तहसील कार्यालय गये थे, वहां उन्होंने देखा कि भाजपा के पूर्व पार्षद, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल उपाध्यक्ष बड़े-बड़े बंडलों में फार्म-7 तहसील कार्यालय में स्थित निर्वाचन शाखा में जमा कर रहे हैं। फार्म-7 के संबंध में स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रत्येक बीएलए से 30 की संख्या तक फार्म जमा कराया जाए, किन्तु उनके द्वारा ऐसा न कर राजनैतिक पहुंच का इस्तेमाल कर 400-500 की संख्या में फार्म जमा कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर कांग्रेसियों ने तहसीलदार का घेराव किया। तहसीलदार ने घेराव के दौरान स्वीकार किया कि उनके द्वारा बल्क में फार्म-7 लिये गये हैं। कांग्रेसियों द्वारा विरोध किये जाने पर कार्रवाई करने की बात कही गई। मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से शैलेष नितिन त्रिवेदी, श्रीकुमार शंकर मेनन, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, इकराम अहमद, सजमन बाग आदि उपस्थित थे।

### सभी दलों के बीएलए से पंचनामा कराने की मांग

दो दिनों तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर मुख्य चुनाव आयुक्त के समक्ष दोषी अधिकारियों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई करने एवं फार्म-7 के जितने आवेदन जमा कराये गये हैं, उसका अवलोकन करने तथा संबंधित बूथ के सभी दलों के बीएलए से हस्ताक्षरयुक्त पंचनामा कार्यवाही कराकर कार्यवाही संपन्न कराने की मांग की है।

# कांग्रेस ने की धान खरीदी की तिथि एक माह बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैज ने सरकार और भाजपा को कटघरे में खड़ा किया

कांग्रेस पार्टी ने सरकार से धान खरीदी की तिथि 1 माह बढ़ाने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी के लिए बचे 9 दिन में भी 4 दिन अवकाश होने और लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक मात्र 115 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होने का हवाला दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार और भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने धान खरीदी की तिथि बढ़ाने, धान खरीदी में भ्रष्टाचार,मनरेगा, जमीनों की गाइडलाइन की दरों तथा शंकराचार्य के अपमान को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, सरकार ने धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी घोषित की है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने ऑनलाइन टोकन काटना बंद कर दिया है और ऑफ लाइन भी टोकन नहीं काटा जा रहा है। अभी तक साढ़े पांच लाख किसान धान नहीं बेच पाये हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि धान खरीदी की तिथि 1 माह बढ़ाई जाए।

### किसानों का हक नहीं दे रही सरकार

दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में कहा, सरकार किसानों का पूरा भुगतान नहीं कर रही है। भाजपा ने वादा किया था कि किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदेगी। भाजपा की सरकार बनने के बाद दो सालों में धान के समर्थन मूल्य में 186 रुपए की बढ़ोतरी हुई। भाजपा सरकार किसानों को इस बढ़ोतरी को जोड़कर 3286 रुपए में भुगतान करे। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से सरकार प्रति एकड़ किसानों को 3906 रुपए भी नहीं दे रही है।

### कांग्रेस मजदूरों की आवाज उठा रही

मनरेगा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत को रोजगार देने वाले कानून मनरेगा के स्वरूप में परिवर्तन कर दिया है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है, मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है। मोदी सरकार ने "सुधार" के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत पूरे फरवरी तक हमारा आंदोलन चलेगा।



### शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान

प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी आलोचना करते हुए दीपक बैज ने कहा, खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार हिंदू संतों का अपमान कर रही है। शंकराचार्य पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। भाजपा सरकार ने शंकराचार्य को स्नान से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है।

## धान खरीदी को लेकर किसानों को भ्रमित कर रही कांग्रेस : ठाकुर



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की साय सरकार लगातार किसान हितैषी निर्णय ले रही है। कांग्रेस गलतबयानी करके धान खरीदी को लेकर किसानों को भ्रमित कर रही है। अन्य प्रदेशों से धान की तस्करी को रोकने की दिशा में साय सरकार सटीक रणनीति के साथ काम कर रही है। कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना बंद करे। श्री ठाकुर ने कहा, प्रदेश के किसानों का धान मोदी की गांरटी के तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा, प्रदेश के लगभग 27,43,135 किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है, वहीं लगभग 21,31,843 किसान अब तक अपना धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी की जा रही है, जो कि देश में सबसे अधिक मूल्य है। खरीफ वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 149 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई, वहीं इस वर्ष प्रदेश की साय सरकार अब तक 116 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कर चुकी है। श्री ठाकुर ने कहा, किसानों को लगभग 27,414 करोड़ रुपए भुगतान कर दिया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2026 तक चलेगा।

# स्टील उद्योग का लोड फैक्टर होगा कम, सस्ती बिजली पर लगेगा अंकुश

**नए टैरिफ की याचिका में पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग से 25 प्रतिशत के स्थान पर छूट को 10 फीसदी करने की रखी है मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर के कारण मिल रही सस्ती बिजली पर भी एक बार फिर से अंकुश लगने वाला है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2026-27 के नए टैरिफ के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें लोड फैक्टर को फिर से 25 फीसदी से कम करके 10 फीसदी करने की मांग रखी है। ऐसा होने से स्टील उद्योग को टैरिफ में मिलने वाली छूट कम हो जाएगी। अभी छूट के कारण स्टील उद्योगों को घरेलू से भी कम दरों पर बिजली मिल जाती है। प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में पिछली सरकार में बड़ी राहत देते हुए उसकी बिजली को बहुत ज्यादा सस्ता कर दिया गया था। ऐसा होने से स्टील उद्योग को घरेलू से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोला था, लेकिन आयोग में जाने के बाद भी आयोग ने इनकी बात नहीं मानी थी।

### लोड फैक्टर से 25 फीसदी सस्ती बिजली

स्टील उद्योग के लिए एक लोड फैक्टर तय है। जिस प्लांट ने जितने किलोवाट का कनेक्शन लिया है, उसमें लोड के उपयोग के अनुसार उसके टैरिफ में प्रतिशत कम किया जाता है। 2021-22 में 63 से 70 प्रतिशत था। यानी 64 प्रतिशत का उपयोग करने वालों को टैरिफ में एक प्रतिशत की छूट मिली, इसी तरह से 70 फीसदी तक उपयोग करने वालों को 8 फीसदी छूट मिली। लेकिन इसके बाद इसको इसको 50 से 75 प्रतिशत करके 25 फीसदी तक छूट का प्रावधान कर दिया गया। एक साल इसको दस फीसदी किया गया लेकिन फिर से चल रहे सत्र में यह छूट 25 फीसदी हो गई है।



### 6.40 रुपए का टैरिफ हो जाता है 5 रुपए

बड़े उद्योगों का जितने मेगावाट का कनेक्शन है, उसका आसानी से ये 70 से 75 फीसदी तक उपयोग कर लेते हैं। 75 फीसदी उपयोग का मतलब यह है कि 6.40 रुपए प्रति यूनिट का टैरिफ सीधे-सीधा 25 फीसदी छूट के कारण 1.60 रुपए कम होकर 5.00 रुपए हो जाना। यही हो रहा है जिसके कारण स्टील उद्योगों को सस्ती कीमत पर बिजली मिल रही है। लेकिन अन्य शुल्क मिलाकर यह बिजली 7.21 रुपए की पड़ती है, ऐसा उद्योग चलाने वाले कहते हैं।

### लोड फैक्टर के कारण चांदी

*नियामक आयोग ने 2025-26 के टैरिफ में एक बार फिर से स्टील उद्योग का लोड फैक्टर बढ़ाकर 10 से 25 कर दिया। ऐसे में इस सत्र के लिए भी लोड फैक्टर के कारण स्टील उद्योग की चांदी हो गई है। हालांकि स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारी इस बात को नकारते हैं कि उनको फायदा हो रहा है। इनका कहना है उनको सभी शुल्क मिलाकर बिजली सात रुपए से ज्यादा की पड़ती है। अगर इनकी बात मान ली जाए तो भी इनकी बिजली तो घरेलू बिजली से सस्ती ही हुई, क्योंकि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर 6.60 रुपए तोटैरिफ ही है। इसी के साथ एफपीपीएएस और अन्य शुल्क मिलाकर करीब आठ रुपए यूनिट बिजली पड़ती है। अगर खपत 600 यूनिट से ज्यादा होती है तो इसकी कीमत करीब 10 रुपए यूनिट तक हो जाती है। क्योंकि टैरिफ ही 8.30 रुपए है।*

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष ने निगम आयुक्त को दिखाई वार्ड की हालत




**रायपुर।** नगर निगम के अंतर्गत पूर्व में यह स्थान पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड में था, जहां शिव मंदिर के आसपास गली नंबर 1 से 5 तक लगभग 450 घर स्थित हैं। यहां के रहवासियों को अमृत मिशन का पानी नहीं मिल रहा पा रहा है, क्योंकि अहिल्या बाई होलकर चौक से जो 4 इंची पाइपलाइन आई है, उसी से यादवपारा धोबीपारा अर्जुन चौक में पानी सप्लाई हो रही है तथा इस एरिया में भी पानी का पर्याप्त मात्रा में फोर्स नहीं आ रहा है, क्योंकि 4 इंची पाइप से वार्ड में 900 घरों को पानी कनेक्शन दे दिया गया है, जिससे यह परेशानी हो रही। इसके निराकरण के लिए रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप एवं महापौर मीनल चौबे द्वारा गठित जल बोर्ड के प्रमुख राजेश नायडू के साथ नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया। जबकि जल बोर्ड के अधिकारियों ने अर्जुन चौक के पास वॉल्व लगाकर देखने की बात कही।

### लोक संगीत पर मुंबई में सेमिनार सिंगर राकेश देंगे आख्यान

**रायपुर।** इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर फाइन आर्ट्स मुंबई द्वारा 31 जनवरी को एनसीपीए नरीमन पॉइंट में लोक संगीत परंपराएं शीर्षक पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के लोक संगीत पर व्याख्यान के लिए प्रदेश के वरिष्ठ लोक कलाकार, राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी तथा राज्य लक्ष्मण मस्तूरिया अलंकरण से सम्मानित गायक राकेश तिवारी को आमंत्रित किया गया है। श्री तिवारी छत्तीसगढ़ के संस्कार गीत के साथ-साथ विशेष तौर पर नाचा से संबंधित गीत-संगीत, आख्यान प्रस्तुत करेंगे।

### सीलबंदी करते ही 1 बड़े बकायादार ने संपूर्ण बकाया राशि अदा की



**रायपुर।** जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल ने बताया कि जोन 8 के राजस्व अमले ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के अंतर्गत 4,95,936 रुपए के बड़े बकायादार रामानंद अग्रवाल, 66,007 रुपए के बकायादार सीमा सिंग, 1,33,361 रुपए के बकायेदार शिवकुमार अग्रवाल द्वारा बकाया राशि भुगतान नहीं किए जाने पर उनके व्यवसायिक परिसर को तत्काल सीलबंद किया गया। वहीं 1,08,726 रुपए के बकायादार प्रकाश चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर द्वारा सीलबंदी के दौरान अपना पूरा बकाया तीन दिन में नगर निगम को अदा करने के आश्वासन पर सीलबंदी की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### छह राज्यों में छापे की कार्रवाई कर पुलिस ने जालसाजों को गिरफ्तार किया

# शेयर ट्रेडिंग, पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर 1.80 करोड़ की ठगी, 11 जालसाज दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शेयर ट्रेडिंग तथा पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर 1.80 करोड़ रुपए की पांच अलग-अलग ठगी के प्रकरण में रेंज साइबर पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा में एक साथ छापे की कार्रवाई करते हुए 11 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इस बार जिन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें ठगी के मास्टर माइंड के साथ उनसे जुड़े कड़ी को लोग भी शामिल हैं।

- राखी थाना क्षेत्र में शेयर ट्रेडिंग के नाम से सांख्यिकी विभाग के अधिकारी से जालसाजों ने की थी 89 लाख की ठगी

रेंज साइबर पुलिस की टीम ने जिन जालसाजों को ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन लोगों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में ठगी के 66 मामले दर्ज हैं। जालसाजों ने जिन-जिन राज्यों में ठगी की है। रेंज साइबर पुलिस की टीम उन राज्यों की पुलिस को ठगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी है। जालसाजों के जब्त मोबाइल, लैपटॉप अन्य गैजेट्स तथा बैंक अकाउंट की जांच कर रही है। ठगों के बारे में रेंज साइबर पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जालसाजों ने देश के अलग-अलग राज्य के लोगों से 48 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है।

### महिला अधिकारी को सोशल मीडिया विज्ञापन में फंसाकर ठगी

ठगी के आरोप में पुलिस ने जिन 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह ने छह माह पूर्व आर्थिक और सांख्यिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी से 89 लाख रुपए की ठगी की है। फेसबुक में विज्ञापन देखकर रजिस्ट्रेशन किया था। ठगी में कुछ महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने कहा था कि अगर आप हमारी कंपनी में पैसा लगाएंगी, तो 6 महीने में दोगुना मुनाफा मिलेगा। डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी ठगों के झांसे में आ गई। 20 से ज्यादा ट्रांजेक्शन में ठगों को पैसे भेज दिए।




### गिरफ्तार आरोपी तथा उनका ठगी प्रोफाइल

- महाराष्ट्र, पुणे निवासी ओंकार बंगारी, इसके विरुद्ध कुल 11 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, धोखाधड़ी की रकम विभिन्न लेयर के बैंक खाता के माध्यम से प्राप्त कर अन्य आरोपियों तक पहुंचाना
- महाराष्ट्र, जलना निवासी पवन शाखाराम बुरकुल, इसके विरुद्ध कुल 6 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, कमीशन बेसिस पर फर्जी बैंक खाता खुलवाना
- महाराष्ट्र, नासिक निवासी रितेश बारहटे, इसके विरुद्ध कुल 17 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, फर्जी कंपनी के बैंक खाता के माध्यम से रकम को घुमाना
- महाराष्ट्र, नासिक निवासी साहिल संतोष महले इसके विरुद्ध कुल 5 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, कमीशन बेसिस पर बैंक खाता खुलवाना
- महाराष्ट्र सोलापुर निवासी युवराज आठवले, यह धोखाधड़ी करने के फर्जी प्रमोशनल मैसेज भेजने का काम करता था
- उत्तरप्रदेश, कुशीनगर निवासी राजू शर्मा, यूट्यूबर, धोखाधड़ी करने के लिए शोशल मीडिया में प्रमोशनल वीडियो वायरल करना तथा गिरोह में अन्य लोगों को जोड़ना
- उत्तरप्रदेशल लखनऊ निवासी आकाश बरनवाल, कमीशन लेकर फर्जी बैंक खाता की व्यवस्था करना
- तेलंगाना हैदराबाद निवासी डोंतामाला किशोर कुमार, इसके विरुद्ध कुल 9 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, फर्जी कंपनी के बैंक खाता के माध्यम से रकम को घुमाना
- मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी आनंद बड़ोनिया, इसके विरुद्ध कुल 14 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, शेयर ट्रेडिंग फ्राड को योजनाबद्ध क्रम में पूर्ण कराना
- राजस्थान, अजमेर निवासी भवानी सिंह राजपूत, इसके विरुद्ध कुल 4 रिपोर्ट पंजीबद्ध है, कमीशन बेसिस पर फर्जी बैंक खाता खुलवाना
- ओडिशा, सुंदरगढ़ निवासी भागीरथी महतो, धोखाधड़ी करने के लिए फर्जी प्रमोशनल मैसेज भेजना तथा गिरोह में अन्य लोगों को जोड़ना

# भूमि हस्तांतरण के लंबित 13 प्रकरण तत्काल निराकृत करने निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की दूसरी बैठक गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। इस बैठक में कलेक्टर ने उद्योग स्थापना से प्राप्त निवेश की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान भूमि हस्तांतरण के लंबित 13 प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए तत्काल निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक एमएस पैकरा, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन सहित औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम विभाग तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल जिला रायपुर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने उद्योग विभाग से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने बैठक में जिले में उद्योग स्थापना से प्राप्त निवेश की जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में स्थापित 97 उद्योगों के माध्यम से कुल 1059.53 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ है, जिससे 2464 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने उद्योग स्थापना के लिए शासकीय भूमि हस्तांतरण से संबंधित लंबित 13 प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।




नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक विनित नायर ने बैठक में सुझाव दिए कि उद्योग स्थापना से पूर्व निजी भूमि क्रय करते समय भूमि के विवादित अथवा अवैध होने की जानकारी अवश्य ली जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के कार्यपालन अभियंता प्रवीण कुमार शर्मा ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र प्लास्टिक पार्क सरोरा में उद्योगों की स्थापना के लिए विद्युत सब-स्टेशन की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित एवं नवीन औद्योगिक पार्क क्षेत्रों में पृथक स्थल चिन्हित करने का प्रस्ताव रखा।

### पीएम आवास के लाखों हितग्राही किस्त के लिए भटक रहे: उधो

**रायपुर।** पूरे प्रदेश में जिस प्रकार ढिंढोरा पीटा गया, विधानसभा चुनाव के पूर्व पीएम आवास के लिए पिछली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के विरुद्ध वातावरण बनाया गया। भाजपा ने आवास के लिए पूरे प्रदेश में सभी ब्लॉक एवं गांवों में आवास के लिए फार्म भरकर लोगों को सब्जबाग दिखाने का काम किया गया, भोली-भाली जनता भी इनके बहकावे में आकर भारी बहुमत से सरकार बना दी।



वही आम जनता अब खुद को ठगा महसूस कर रही है। गरीब मजदूर, आवास विहीन कमजोर तबके के लोग आवास बनना शुरू तो कर दिए, लेकिन अब दूसरी एवं तीसरी किस्त के लिए भटकने को मजबूर हैं। कांग्रेस नेता, पूर्व जिला-ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि आवास का अधूरा कार्य पूरा कराने तत्काल दूसरी किस्त एवं तीसरी किस्त प्राथमिकता के आधार पर जारी की जाए। कई हितग्राही सेठ-साहूकारों से कर्ज लेकर आवास तो शुरू कर दिए, अब कर्ज चुकाने के लिए परेशान हो रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### सीएम साय ने किया 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का शुभारंभ

**रायपुर।** राजधानी के श्रीराम बिजनेस पार्क में बुधवार को रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा आयोजित 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और परिवहन मंत्री केदार कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए राडा को शुभकामनाएं दीं। राज्य सरकार द्वारा रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट और वाहन कंपनियों के आकर्षक ऑफर्स से ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उद्घाटन के दिन ही 2000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी हुई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न वाहन स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिंद्रा 7 एक्सओ कार तथा यामाहा एक्सएसआर 155 बाइक का लोकार्पण किया। राडा पदाधिकारियों ने सरकार के सहयोग के लिए आभार जताया और रिकॉर्ड बिक्री की संभावना व्यक्त की।




- 2000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी

### अपेक्स बैंक के नेतृत्व में झारखंड दल ने देखा छत्तीसगढ़ का सहकारी तंत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के तत्वावधान में झारखंड राज्य से आए अध्ययन दल ने छत्तीसगढ़ की सहकारी व्यवस्था एवं धान खरीदी प्रक्रिया का गहन अध्ययन किया। झारखंड कृषि एवं वनोपज सहकारी संघ के अंतर्गत आए लगभग 50 प्रतिनिधियों ने धान उपार्जन केंद्रों, चंपारण, नवागांव धान संग्रहण केंद्र तथा को-ऑपरेटिव बैंकों के माध्यम से किसानों को किए जाने वाले भुगतान की प्रक्रिया को देखा। दल ने एम. जामगांव पाटन में लघु वनोपज संग्रहण, विपणन एवं उत्पादन इकाइयों तथा संजीवनी हर्बल मार्ट का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त केदारनाथ गुप्ता ने झारखंड से आए सभी प्रतिनिधियों का राजकीय गमछा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कांडे, ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव तथा मार्कफेड डीएमओ सौरभ भारद्वाज ने धान खरीदी, कृषि ऋण वितरण एवं कोर बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी।



### बैंकिंग उद्योग में अब 5 दिनों का कार्य सप्ताह लागू करवाने 27 को हड़ताल

**रायपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस से जुड़े बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के नौ यूनियन्स ने बैंकिंग उद्योग में अब पांच दिनों का कार्य सप्ताह लागू करवाने के लिए 27 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है। इस अखिल भारतीय बैंक हड़ताल का आह्वान करते हुए यूनियन के प्रमुख वाय. गोपाल कृष्ण, शिरीष नलगुंडवार और सुरेश बानी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि हड़ताल में लगभग आठ लाख बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी भाग लेंगे। इसमें सार्वजनिक, निजी, विदेशी, क्षेत्रीय ग्रामीण और सहकारी बैंक कर्मियों की सहभागिता रहेगी। यूनियन्स से जुड़े पदाधिकारियों ने सवालों का जवाब देते हुए बताया कि बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने के लिए सरकार से स्वीकृति प्राप्त करने के लिए यह आंदोलन किया जाएगा।




# खरीदी में अनियमितता के आरोप में निलंबित प्राचार्य व क्रय समिति सदस्य बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम जिला गरियाबंद में जैम पोर्टल से खरीदी मामले में अनियमितता के आरोप में निलंबित प्राचार्य और क्रय समिति के तीन सदस्य को राज्य शासन ने बहाल कर दिया है। राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने 20 जनवरी को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

- मामला राजिम के राजीव लोचन कॉलेज का

उल्लेखनीय है कि पीएम उषा मद से आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किये जाने में आर्थिक अनियमितता के आरोप में डॉ. सविता मिश्रा, प्राचार्य एवं क्रय समिति के सदस्य देवेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक, मनीषा भोई, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. मोहनलाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। नए आदेश के मुताबित अब इन सभी को निलंबन से बहाल करते हुए यथावत शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम जिला गरियाबंद में अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जारी कर दिया गया है।











# भारत- न्यूजीलैंड टी-20 मैच देखने दर्शक इस रूट से स्टेडियम पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच होना है। इस दौरान क्रिकेट मैच देखने के लिए राज्य के अलग-अलग जिलो से आने वाले दर्शकों के सुगम आवागमन तथा खिलाड़ियों के सुरक्षित आवागमन हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया है।

जिन लोगों के पास वाहन पार्किंग पास होगी उनके लिए एबीसी से लेकर जी तक सात लेयर में वाहन पार्क करने व्यवस्था की गई है। साथ ही मैच समाप्त होने के बाद किसी तरह से रोड जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के जवानों की नवा रायपुर से लेकर ओल्ड रायपुर में ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी।




## पासधारी गाड़ियों का यहां होगी पार्किंग

पासधारी वाहन जिन्हे पार्किंग पास अल्फाबीट में एबीसी से लेकर जी पास जारी हुआ है वे सेरीखेड़ी ओवरब्रीज होकर नया रायपुर प्रवेश मार्ग से स्टेडियम टर्निंग, डॉ खूबचंद बघेल चौक, कयाबांधा चौक, कोटराभांठा चौक से ग्राम सेंध सेक्टर होते हुए स्टेडियम पार्किंग में अपने निर्धारित जगह वाहन पार्क करेंगे।

## इन मार्गों से पहुंचेंगे स्टेडियम

- रायपुर शहर से होकर क्रिकेट स्टेडियम जाने के लिए तेलीबांधा थाना तिराहा नेशनल हाइवे-53 होकर सेरीखेड़ी ओव्हरब्रीज से नया रायपुर, स्टेडियम तिराहा से सांई अस्पताल रोड होकर सांई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे।
- बिलासपुर की ओर से स्टेडियम आने वाले दर्शक बिलासपुर-रायपुर मार्ग से होकर धनेली नाला से रिंग रोड नंबर-03 होकर विधानसभा चौक, राजू ढाबा रिंग रोड नंम्बर-03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र-53 से मंदिर हसौद, नवागांव से स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे।
- बलौदाबाजार-खरोरा की ओर से स्टेडियम आने वाले दर्शक विधानसभा ओवरब्रीज चौक से रिंग रोड-03 होकर विधानसभा चौक, राजू ढाबा रिंग रोड नंम्बर-03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र-53 से मंदिर हसौद, नवागांव से स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे।
- जगदलपुर-धमतरी मार्ग से होकर आने वाले दर्शक अभनपुर से केंद्री, उपरवारा, मंत्रायल चौक, कोटराभाठा, सेंध तालाब होकर सांई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे।
- दुर्ग-भिलाई की ओर से आने वाले दर्शक टाटीबंध से रिंग रोड 01 होकर पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा थाना तिराहा, एनएच-53 होकर सेरीखेड़ी ओवरब्रीज से नया रायपुर मार्ग, स्टेडियम तिराहा से साईं अस्पताल रोड होकर अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे।
- महासमुंद-सरायपाली की ओर से आने वाले दर्शक आरंग से सीधे स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे।

नालंदा फेस-2
निर्माण कार्य का भूमिपूजन
लागत राशि 2107 लाख
छात्र हित के लिए दृढ़ संकल्प, कदम बढ़ चले प्रगति की ओर...
Gen Z पढ़ेगा... Gen Z आगे बढ़ेगा
-:मुख्य अतिथि:-
मान. श्री अरूण साव जी, उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
-:अध्यक्षता -
मान. श्री केदार कश्यप जी, प्रभारी मंत्री जिला रायपुर
मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर
-:विशिष्ट अतिथिगण :-
श्री सुनील सोनी जी, विधायक, रायपुर दक्षिण
श्री मोतीलाल साहू जी, विधायक, रायपुर ग्रामीण
श्री पुरंदर मिश्रा जी, विधायक, रायपुर उत्तर
श्री अनुज शर्मा जी, विधायक, धरसींवा
श्रीमती मीनल चौबे जी, महापौर, नगर निगम रायपुर
श्री सूर्यकांत राठौर जी, सभापति, नगर निगम रायपुर
श्री आकाश तिवारी जी, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम रायपुर
श्री दीपक जायसवाल जी, भारसाधक सदस्य, न.नि. रायपुर
श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा जी, जोन अध्यक्ष क्रं.7 न.नि. रायपुर
श्रीमती मीना ठाकुर जी, पार्षद, पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड न.नि. रायपुर
कार्यक्रम विवरण: 23 जनवरी 2026, समय - अप. 02 बजे, स्थान - साइंस कॉलेज मैदान रायपुर छ.ग.
आप सादर आमंत्रित हैं...
राजेश मूणत, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक विधानसभा रायपुर पश्चिम
मीनल चौबे, महापौर न.पा.नि. रायपुर
विनीत : RM GROUP
ATUL

आशादीप हॉस्पिटल
हड्डी रोग उपचार के साथ अब स्त्री रोग विशेषज्ञ की सुविधा
अब आशादीप हॉस्पिटल में... महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ (Gynecologist) उपलब्ध।
डॉ. नम्रता वर्मा, एम.बी.बी.एस., डी.जी.वो., स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- 24 घंटे सामान्य एवं सिजेरियन (ऑपरेशन द्वारा) प्रसव सुविधा उपलब्ध
- महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड (USG) जाँच की सुविधा उपलब्ध
- बांझपन (इनफर्टिलिटी) एवं आईवीएफ (IVF) उपचार
- गर्भावस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का समूचित ईलाज
पता- पानी टंकी के सामने, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
संपर्क- 8433581666, 9340240899
24x7 एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिज़र्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

सुमीत बाजार
देश का पर्व सबसे बड़ा गर्व। इस 26 जनवरी, होगी 26
17 से 31 जनवरी 2026
की गूंज पूरे देश में!
कुशन कव्हर ₹26 में (बाजार मूल्य ₹149 & above)
डायनिंग रनर ₹26 में (बाजार मूल्य ₹145 & above)
पिलो कव्हर ₹26 में (बाजार मूल्य ₹99 & above)
किचन नेपकीन 2 पीस ₹26 में (बाजार मूल्य ₹99 & above)
डायनिंग मैट 2 पीस ₹26 में (बाजार मूल्य ₹99 & above)
टीन्स गर्ल्स कुर्ती 2 पीस ₹126 में (बाजार मूल्य ₹199 & above)
गर्ल्स कोर्ड सेट ₹126 में (बाजार मूल्य ₹199 & above)
Action फुटवियर ₹126 में (बाजार मूल्य ₹199 & above)
जल मटका ₹126 में (बाजार मूल्य ₹299 & above)
मेन्स प्लेन कुर्ता ₹126 में (बाजार मूल्य ₹350 & above)
डिजिटल लिनन साड़ी ₹226 में (बाजार मूल्य ₹399 & above)
लेडिस टीशर्ट 2 पीस ₹226 में (बाजार मूल्य ₹149 & above)
ब्वॉयज टीशर्ट 2 पीस ₹226 में (बाजार मूल्य ₹149 & above)
प्रिंटेड डबलबेड कम्फर्टर ₹226 में (बाजार मूल्य ₹299 & above)
मेन्स टीशर्ट 2 पीस ₹226 में (बाजार मूल्य ₹499 & above)
प्रीमियम डिजिटल सिल्क साड़ी ₹326 में (बाजार मूल्य ₹459 & above)
लेडिस कोर्ड सेट ₹326 में (बाजार मूल्य ₹595 & above)
डबलबेड किंग साईज बेडशीट 1+2 ₹326 में (बाजार मूल्य ₹799 & above)
डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता ₹326 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
ब्रांडेड मेन्स शर्ट ₹326 में (बाजार मूल्य ₹799 & above)
जरी हेवीवर्क साड़ी ₹426 में (बाजार मूल्य ₹899 & above)
फ्रॉक कुर्ती 2 पीस ₹426 में (बाजार मूल्य ₹499 & above)
सिंगलबेड ब्लांकेट 2 पीस ₹426 में (बाजार मूल्य ₹299 & above)
किंग साईज 1+2 बेडशीट ₹426 में (बाजार मूल्य ₹795 & above)
ट्राउजर ₹426 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
साड़ी ₹526 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
हैवी जेकार्ड कॉटन टॉवेल 2 पीस ₹526 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
डबलबेड AC ब्लांकेट विथ बैग ₹526 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
डबलबेड दोहड़ ₹526 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
मेन्स जीन्स ₹526 में (बाजार मूल्य ₹999 & above)
अन्य आकर्षण और भी है | साईज उपलब्धतानुसार | ऑफर स्टॉक रहने तक | ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है आयटम भिन्न हो सकते हैं | *नियम व शर्तें लागू
UP TO ₹250 CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,250; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 21 Jan - 19 Feb 2026. T&C Apply.
बैजनाथ पारा ● सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी ● 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी ● न्यू राजेन्द्र नगर गली नं. 2, कटोरा तालाब ● मेन रोड, लाखेनगर ● मंगल बाजार, गुढ़ियारी ● कर्मा चौक के पास, रामनगर मेन रोड, बिरगांव ● बोरिया रोड, संतोषी नगर ● रायपुरा हास्पिटल के सामने, महादेव घाट गुरूनानक पब्लिक स्कूल के बाजू, तेंदुआ रोड, हीरापुर ● आरंग - स्टेट बैंक के बाजू, मेन रोड